RNI-UPHIN/2009/30721

**दिल्ली**
अधिकतम तापमान 42 डिग्री
न्युनतम तापमान 31 डिग्री

**एनसीआर**
अधिकतम तापमान 41 डिग्री
न्युनतम तापमान 32 डिग्री

सोमवार 09 जून 2025
सुर्योदय प्रात: 05 :23 बजे
सूर्यास्त सांय 19 : 19 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 जलवायु परिवर्तन : असंभव है इन्हें रोक पाना

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष : 16 | अंक : 234 | गाजियाबाद, सोमवार 09 जून 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946

केनरा बैंक Canara Bank
SCAN & PAY
UPI ID: 300012627000246@cnrb
BHIM UPI
Canara ai1 | CSDC | Paytm
Cred | PhonePe | Google Pay
e₹ DIGITAL RUPEE ACCEPTED HERE




## मैतेई लीडर की गिरफ्तारी से फिर सुलग उठा मणिपुर

### प्रदर्शनकारियों ने खुद पर पेट्रोल डाला, किया हिंसक प्रदर्शन

### कई गाड़ियां फूंकीं, पत्थर से भी हमला, 5 जिलों में इंटरनेट बंद



**इंफाल (एजेंसी)।** 3 मई 2023 को कुकी-मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो आज भी जारी है। इन दो सालों में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 1500 से ज्यादा घायल हुए। 70 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हैं। 6 हजार से ज्यादा एफआईआर दर्ज हुई हैं। मणिपुर में मैतेई संगठन अरम्बाई टेंगोल के नेता करन सिंह को रविवार को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। उन पर 2023 में हिंसा भड़काने के आरोप है। इनकी गिरफ्तारी की खबर फैलने के बाद शनिवार देर रात मणिपुर में हिंसा भड़क गई थी।

राजधानी इंफाल के कई इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में आग लगा दी, सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर भी जलाए। प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल डालकर खुद को जलाने की भी कोशिश की। सरकार ने 7 जून की रात 11.45 बजे से पांच दिनों के लिए 5 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सर्विस सस्पेंड कर दी है।

## राफेल जेट को मिलेगा 'मेक इन इंडिया' का टच

### ग्लोबल एयरोस्पेस हब बनने के लिए है तैयार है भारत!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार के मेक इन इंडिया अभियान को एक बड़ी सफलता मिली है। फ्रांस की एयरोस्पेस कंपनी डसॉल्ट एविएशन और भारत के टाटा ग्रुप ने मिलकर हैदराबाद में राफेल लड़ाकू विमानों का फ्यूजलेज बनाने का फैसला किया है। फ्यूजलेज विमान का मुख्य ढांचा होता है। यह समझौता भारत और फ्रांस के बीच हुए 63,887 करोड़ रुपये के बड़े समझौते का हिस्सा है। इस समझौते में भारत की नौसेना के लिए 26 राफेल-मरीन जेट विमान खरीदे जाएंगे। इन विमानों की डिलीवरी 2028 से 2030 के बीच होने की उम्मीद है। यह पहली बार है कि डसॉल्ट कंपनी फ्रांस के बाहर राफेल विमान के फ्यूजलेज का उत्पादन करेगी। हैदराबाद में बनने वाली यह यूनिट बहुत महत्वपूर्ण होगी। इससे पता चलता है कि भारत की एयरोस्पेस निर्माण क्षमता पर भरोसा बढ़ रहा है। इस नई यूनिट में मल्टी-रोल फाइटर जेट के कई महत्वपूर्ण हिस्से बनेंगे। इनमें लेटरल रियर शेल, फुल रियर सेक्शन, सेंट्रल फ्यूजलेज और फ्रंट सेक्शन शामिल हैं। भारतीय वायु सेना पहले से ही राफेल विमानों का इस्तेमाल कर रही है।



इस कदम से भारत की भूमिका इसकी ग्लोबल सप्लाई चेन में और भी मजबूत होगी। हैदराबाद में यह दूसरा बड़ा एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग साइट होगा।

## चुनाव 'फिक्स' का आरोप हास्यास्पद, कार्यकर्ताओं का भी अपमान : आयोग

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। चुनाव आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव 'फिक्स' होने के आरोप का करारा जवाब देते हुए रविवार को कहा कि पूरी दुनिया जिस चुनाव प्रणाली की प्रशंसा करती है उसे बदनाम करने का प्रयास हास्यास्पद और अपने दल के राजनीतिक कार्यकर्ताओं का भी अपमान है। श्री गांधी ने शनिवार को एक अखबार में अपने लेख में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को 'फिक्स' बताते हुए आयोग से अपने सवालों पर जवाब मांगा था जिस पर चुनाव आयोग ने आज कहा, "सभी भारतीय चुनाव कानून के अनुसार संचालित होते हैं। भारत में जिस पैमाने और जिस सटीकता के साथ चुनावों का संचालन होता है पूरी दुनिया में उसकी व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है।

## अभिनेता कमल हसन ने अब हिंदी पर कर दी टिप्पणी, बोले- सीखने के लिए जबरदस्ती है क्या?

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। जाने माने फिल्म अभिनेता कमल हसन इन दिनों अपने बयानों को लेकर चर्चा में आ गए है। हाल ही में उन्होंने कहा था कि कन्नड़ भाषा का जन्म तमिल से हुआ है। इस पर भारी बवाल के बाद कोर्ट ने भी फटकार लगाई थी। ये विवाद शांत होता इससे पहले उन्होंने हिंदी को लेकर टिप्पणी कर दी। उनका कहना है कि हिंदी भाषा सिखाने के लिए के लिए जबरदश्ती नहीं की जाना चाहिए। मीडिया से बातचीत में कमल हासन ने भाषाई स्वतंत्रता पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, हमें कोई भी भाषा जबरदश्ती न सिखाई जाए। अगर हमें बिना दबाव के भाषा सीखने का मौका मिले, तो हम खुद सीख लेंगे। भाषा सीखना शिक्षा का हिस्सा है, और इसमें जबरदश्ती नहीं होनी चाहिए। कमल हासन ने इस बात पर भी जोर दिया कि हिंदी थोपने का विरोध सिर्फ साउथ इंडिया तक सीमित नहीं है।

## देश के आर्थिक विकास में अहम योगदान दे रहीं महिलाएं : निर्मला

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में महिलाएं देश में प्रगति की प्रमुख चालक के रूप में उभरी हैं और नरेंद्र मोदी सरकार ने नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। वित्त मंत्री ने 'सशक्त नारी के 11 वर्ष' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन योजना प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खोले गए 55.7 प्रतिशत खाते महिलाओं के पास हैं।

## प्रवासियों का प्रदर्शन रोकने ट्रंप ने भेजे हजारों सैन्य जवान

- लॉस एंजिलिस में कोहराम, विरोध में उतरे शहर के गवर्नर

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लॉस एंजिल्स में कथित अवैध प्रवासियों पर छापेमारी के विरोध में हो रहे प्रदर्शन रोकने के लिए 2,000 नेशनल गार्ड सैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया है। लॉस एंजिल्स में अप्रवासी समुदायों और अमेरिकी इमिग्रेशन कर्मियों के बीच हिंसक झड़पों के बाद यह फैसला लिया गया है। ट्रंप ने कैलिफोर्निया के गवर्नर



और लॉस एंजिल्स के मेयर को खराब होती परिस्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए सैन्य जवानों की तैनाती का आदेश दिया है। दूसरी ओर कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजम ने ट्रंप के इस कदम की कड़ी आलोचना की है। लॉस एंजिलिस में कई इलाकों में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट के एजेंटों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुई हैं। झड़पों के बाद सुरक्षाकर्मियों ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। इस सप्ताह लॉस एंजिल्स में इस ऑपरेशन के तहत 118 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। सिर्फ शुक्रवार को ही 44 लोग पकड़ गए हैं। कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजम ने इन छापों को क्रूर कार्रवाई कहा है।

## जस्टिस यशवंत वर्मा उठा सकते हैं अब बड़ा कदम

### महाभियोग से बचने का बचा है सिर्फ एक ही रास्ता

### मॉनसून सत्र से पहले मोदी सरकार भी हुई ऐक्टिव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने संसद में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाकर उन्हें हटाने के लिए राजनीतिक दलों से चर्चा शुरू कर दी है। अब जस्टिस वर्मा के सामने महाभियोग से बचने का केवल एक ही विकल्प है। अगर वह प्रस्ताव आने से पहले ही इस्तीफा दे देते हैं तो महाभियोग से बच सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति और हटाने के मामलों के जानकार लोगों का कहना है कि संसद में खुद का बचाव करने से बचने के लिए वह मौखिक रूप से ही इस्तीफे का ऐलान कर सकते हैं। अगर वह खुद से ही इस्तीफा दे देते हैं तो रिटायर्ड हाई कोर्ट के जज की तरह ही उन्हें पेंशन और बाकी सुविधाएं मिलती रहेंगी। हालांकि अगर संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाकर उन्हें हटाना पड़ता है तो उन्हें पेंशन तक नहीं मिलेगी। संविधान के अनुच्छेद 217 के मुताबिक हाई कोर्ट के जज राष्ट्रपति को पत्र लिखकर अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इसमें किसी की मंजूरी की भी जरूरत नहीं होती है। इस्तीफा देने के लिए जज का पत्र ही काफी होता है। अगर जज अपने पत्र में इस्तीफा देने की कोई तारीख बताता है तो उसतारीख से पहले उसके पास इस्तीफा वापस लेने का भी अधिकार होता है। सीजेआई रहते हुए जस्टिस संजीव खन्ना ने जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पत्र लिखा था। जज इन्क्वायरी ऐक्ट 1968 के मुताबिक सदन में अगर किसी जज को हटाने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाता है तो स्पीकर या फिर सदन का अध्यक्ष तीन सदस्यों की कमेटी बनाकर इस बात की भी जांच करा सकता है कि उसे किस बुनियाद पर हटाया गया है। इस कमेटी में सीजेआई, 25 हाई कोर्ट में से किसी एक हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस शामिल होता है।



## चिराग पासवान के ऐक्टिव होने से बिहार बीजेपी सतर्क

- 'किंग मेकर' गेम प्लान के खुलासे के बाद एनडीए में हलचल

**पटना (एजेंसी)।** हाल के हफ्तों में, केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने सार्वजनिक रूप से बिहार लौटने और विधानसभा चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा जताई, जिसे राज्य की राजनीति में किंगमेकर या किंग नहीं तो किंग की भूमिका निभाने के तौर पर देखा जा रहा है। और यह संदेश भाजपा नेतृत्व के लिए भी सही है। जबकि भाजपा नेतृत्व का कहना है कि पासवान अपनी पार्टी को सीट बंटवारे के तहत आवंटित किसी भी सीट से चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं , सत्तारूढ़ पार्टी के एक वर्ग का कहना है कि वह केवल राज्य इकाई में भ्रम की स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी कैबिनेट में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पासवान ने हाल ही में कहा कि वह बिहार की राजनीति में वापस आने के लिए तैयार हैं क्योंकि राज्य के विकास में योगदान देना हमेशा से उनकी प्रेरणा रही है। उनकी पार्टी ने संकेत दिया है कि वह आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र के बजाय सामान्य सीट से चुनाव लड़ सकते हैं, अब सभी की निगाहें रविवार को भोजपुर जिले के आरा में पासवान की सार्वजनिक रैली पर टिकी हैं। पासवान के सार्वजनिक बयान ऐसे समय में आए हैं जब मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के प्रतिद्वंद्वी मानते हैं कि बिहार की राजनीति में शीर्ष पर उनका समय समाप्त होने वाला है। कहा जाता है कि लोजपा (आरवी) नेता राज्य में प्रमुख चुनावी ताकतों को एक साथ लाने वाला चेहरा बनने की महत्वाकांक्षा रखते हैं। हालांकि उनकी पार्टी ने पिछले लोकसभा चुनाव में 6.47 फीसदी वोट शेयर के साथ पांच सीटें जीती थीं, लेकिन यह अभी भी नीतिश कुमार की जेडीयू जितनी बड़ी पार्टी नहीं है, जिसका वोट शेयर 18.52 फीसदी था। भाजपा के एक नेता ने माना कि पासवान में अपनी पार्टी के पारंपरिक आधार से परे स्वीकार्यता वाले नेता बनने की क्षमता है। बिहार के एक वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व सांसद ने कहा, वह खुद को सिर्फ 4 फीसदी वोट वाले पासवानों के नेता तक सीमित नहीं रखना चाहते। जबकि समुदाय उनके साथ है, उन्हें अपना आधार बढ़ाना है और इसके लिए पत्ते खेल रहे हैं।



## सुलझने की बजाय और उलझती जा रही राजा की मर्डर मिस्ट्री

- गाइड बोला-23 मई को दोनों के साथ तीन युवक थे, सोनम पीछे चल रही थी

**इंदौर (एजेंसी)।** मेघालय के शिलॉन्ग में इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी का शव जिस जगह मिला, वहां का वीडियो उनके भाई विपिन ने शेयर किया है। इसमें उन्होंने बताया है कि रेलिंग करीब चार फीट ऊंची है। यहां से कूद पाना आसान नहीं है। विपिन ने कहा- मेरा भाई राजा रघुवंशी और उसकी पत्नी सोनम वहां हनीमून मनाने गए थे। आराम से घूम रहे थे। आपस में कोई विवाद भी नहीं था, इसलिए जानबूझकर राजा वहां नहीं कूदा होगा। उसे मारकर फेंका गया है, ताकि किसी को कुछ पता न चल सके। उधर, एक गाइड ने दावा किया है कि जिस दिन राजा और सोनम लापता हुए, उस दिन उनके साथ तीन अन्य युवक भी थे। गाइड ने पुलिस को यह जानकारी दी है। उसने बताया कि 23 मई को राजा और सोनम के साथ तीन युवकों के साथ देखा था। राजा और तीनों युवक आगे चल रहे थे, सभी हिंदी में बात कर रहे थे। सोनम उनके पीछे चल रही थी। मावलाखियात के गाइड अल्बर्ट पैड ने बताया कि राजा और सोनम को तीन पर्यटकों के साथ 23 मई सुबह 10 बजे नोंग्रियात से मावलाखियात के बीच देखा गया। अल्बर्ट ने कहा कि वे इंदौर के दंपति को पहचानते हैं, क्योंकि उन्होंने एक दिन पहले राजा और सोनम को नोंग्रियात तक चढ़ने के लिए अपनी सेवाएं देने की पेशकश की थी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया था। उन्होंने दूसरे गाइड वानसाई की सेवाएं ली थीं।





अल्बर्ट ने बताया कि चारों आगे चल रहे थे, जबकि सोनम पीछे थी। वे चारों हिंदी में बात कर रहे थे। लेकिन मैं समझ नहीं पाया कि वे क्या बोल रहे थे, क्योंकि मैं केवल खासी और अंग्रेजी ही जानता हूं। उन्होंने बताया कि उन लोगों ने शिपारा होम स्टे में रात बिताई और अगले दिन बिना गाइड के ही लौट आए। विपिन ने बताया- राजा और सोनम रघुवंशी की शादी 11 मई को हुई थी। वे 20 मई को हनीमून के लिए शिलॉन्ग के लिए रवाना हुए। पहले उन्होंने गुवाहाटी में मां कामाख्या के दर्शन किए। यहां से 23 मई को मेघालय के शिलॉन्ग रवाना हुए। शुरुआत में परिवार की दोनों से बात होती रही, फिर संपर्क टूट गया। 24 मई से दोनों के मोबाइल बंद हो गए तो चिंता होने लगी।

- सर्चिंग के नाम पर पूछताछ कर रही थी पुलिस

राजा के भाई ने आगे बताया- होटल के बाद हम सोरा थाने पहुंचे। यहां पुलिस ने केस दर्ज करने के बजाय शिकायती आवेदन ले लिया। वे सर्चिंग के नाम पर कुछ लोगों से पूछताछ कर रहे थे। हमें यहां के दुकानदारों ने अलर्ट कर दिया था।। शिलॉन्ग में किसी तरह का खतरा नहीं लेकिन सोरा में रुकना खतरे से खाली भी नहीं। दरअसल, शिलॉन्ग से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर सोरा ग्रामीण इलाका है। यहां के लोग पहाड़ियों में रहते हैं। इसी रास्ते से पर्यटक डबल डेकर ब्रिज के लिए जाते हैं। यहां करीब 4 हजार सीढ़ियां उतरकर होटल हैं। जहां सुरक्षा के नाम पर न गार्ड है, न पुलिस।

## रात से लापता व्यक्ति का पेड़ से लटका मिला शव, पत्नी ने लगाया बटाईदार पर हत्या का आरोप

**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷ ।** चांदपुर क्षेत्र के गांव सिसौना में मर्डर की सूचना से हड़कंप मच गया। गांव निवासी एक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। शव उनके बाग में आम के पेड़ से लटका मिला है। मृतक की पहचान अंकुर त्यागी गांव सिसौना के रूप में हुई है। बीती रात्रि करीब 11 बजे से घर नहीं पहुंचा था। शनिवार को बटाईदार से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। पत्नी बटाईदार पर हत्या का आरोप लगा रही है। पुलिस को कई घंटों तक परिजनों ने शव को उतारने नही दिया। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल पर जांच के लिए नमूने लिए है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हर पहलुओं की जांच कर रही है। एसपी देहात व सीओ ने पुलिस के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## गश्त के दौरान दो बदमाश गिरफ्तार

**✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷ ।** पुलिस ने गश्त के दौरान मठेरी रोड ई रिक्शा से दो संदिग्ध लोग को जाते दिखाई दिए पुलिस टीम द्वारा इन दोनों संदीप व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया तो इन व्यक्तियों ने अपने आप को घिरा देख जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर किया ।पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ हेतु जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी तथा दूसरे बदमाश को मौके से गिरफ्तार किया गया । उस घायल बदमाश को अस्पताल मेंभर्ती कराया गया । घायल बदमाश ने अपना नाम अजीमउर्फ अज्जू पुत्र कलुआ निवासी ग्राम गंगू नंगला थाना हीमपुर दीपा जनपद बिजनौर बताया तथा दूसरे ने अपना नाम नफीस पुत्र रईस निवासी ग्राम गंगू नंगला थाना हीमपुर दीपा .बिजनौर बताया दोनों बदमाशों के कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन रेडमी कंपनी व एक बैटरा (लूमस कंपनी )का तथा घटना में प्रयुक्त एक ई रिक्शा वह एक तमंचा 315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस315 बोर वह एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ घायल बदमाश अजीम को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया ।पुलिस मुठवेड़ के संबंध में थाना नगीना में मुकदमा पंजीकरण कर आदि अन्य आवश्यक कार्रवाई की गई ।गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अध्यक्षनगीना तेजपाल सिंह ,गजेंद्र सिंह उज्जवल उप निरीक्षक नगीना उप निरीक्षक सरवेज खाँ थाना नगीना उप निरीक्षक अनुज कुमार थाना नगीना हेड कॉन्स्टेबल विजेंद्र कुमार शामिल रहे

## भाजपा ने किया विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम का शुभारंभ

**✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷ ।** लोक निर्माण विभाग मीटिंग हॉल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा बैठक का आयोजन किया गया कार्यक्रम में नगीना में सभी शक्ति केंद्र नगर एवं गांव गांव जाकर भाजपा सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियां का प्रसार एवं लोगों को विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचने के लिए रणनीति तैयार की । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान रहे व अध्यक्षता अंजलि मित्तल ने की कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश गौतम कार्यक्रम संयोजक सचिन शर्मा,कार्यक्रम सःसंयोजक रोहित रवि, मंडल महामंत्री अरुण शर्मा,लवि मित्तल, गोपाल शर्मा, पंकज चौहान, अभिषेक अग्रवाल,अशोक कुमार,नीरज कर्नवाल, ओम प्रकाश सैनी, अतुल भारती, गर्वित चौधरी,डॉक्टर भूपेश चौहान, अमिचंद एडवोकेट एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ईद उल अजहा का त्योहार हर्षोल्लास एवं शांति पूर्वक मना

**✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷ ।** शनिवार को नगर एवं क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्योहार हर्षोल्लास एवं शांति पूर्वक मनाया गया। बाद नमाज़ के कूतबा हुआ शहर काजी मुफ्ती मोहम्मद अब्दुल्ला जेमिई साहब ने मुल्क के लिए अमन चैन और शान्ति व तरक्की की दुआं मांगी गई। इस अवसर पर नगर एवं क्षेत्र के हजारों लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की। शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद अब्दुल्ला जेमिई साहब ने नमाज के दौरान ऐलान करते हुए कहा था कि कुर्बानी के जानवरों के अवशेष इधर उधर न फेंकें। नगर पालिका की गाड़ी में ही डालें नगर की जनता ने ऐसा ही किया। साफ सफाई की व्यवस्था चुश्त दुरुश्त रही। पूरे दिन पानी की सप्लाई सुचारू रही बड़े ही शान्ति एवं भाई चारे के साथ ईद उल अजहा का त्योहार नगर एवं क्षेत्र में मनाया गया। ईदगाह के निकट सामाजिक लोगों ने नमाजियों के लिए शर्बत की व्यवस्था की थी जहां लोगों ने शर्बत पीकर गर्मी से राहत ली।

## गांजे के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**✷ एनसीआर टुडे. नोएडा ✷ ।** दिल्ली से गांजा लाकर शहर के अलग-अलग हिस्से में आपूर्ति करने वाली महिला तस्कर को सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने रविवार को सर्फाबाद गांव के पास से गिरफ्तार किया।

### इनकमटैक्स में नौकरी दिलाने के नाम पर पूर्व

# प्रधानाचार्य के विरुद्ध करोड़ों की ठगी का मामला दर्ज



**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷**

नूरपुर थाना क्षेत्र में इनकम टैक्स विभाग में नौकरी लगायें जाने के नाम पर युवाओं से करोड़ों की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है, ठगी का शिकार हुए युवाओं ने नूरपुर थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्यावाही की मांग की है।

थाने में दर्ज की गई रिपोर्ट के अनुसार आरोपित एक इंटर कॉलेज के रिटायर्ड प्रधानाचार्य भूदेव सिंह चौहान है जो मुरादाबाद नूरपुर स्टेट हाईवे पर आलीशान कोठी में रहते हैं आरोप है कि आरोपी पिछले 2 साल से पैसे वापस करने का वादा करते रहे हैं, लेकिन अब पैसे मांगने पर धमकी दी जा रही है।

पुलिस से की गई शिकायत में निवासी ग्राम पुरैनी दुर्वेशपुर आशीष शर्मा ने बताया की कोचिंग केंद्र पर रिटायर्ड प्रधानाचार्य भूदेव सिंह चौहान अपनी पत्नी गीता चौहान के साथ आए जहां उन्होंने केंद्र संचालक भूपेंद्र सिंह उर्फ हंसराज निवासी कमाला को इनकम टैक्स ,एमटीएस आदि विभागों के पदों पर विज्ञापन दिखाते हुए नौकरी लगवाए जाने की बात कही।

कोचिंग में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे थाना शिवाला कला के गांव हीमपुर पृथया निवासी रजत कुमार स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव कमाला निवासी राहुल गुर्जर, बिशनपुर निवासी अंकित कुमार व नूरपुर थाना के अंतर्गत गांव पूरनपुर स्याना निवासीगण दिनेश कुमार, अंकित कुमार को स्पोर्ट कोटा के तहत इनकम टैक्स विभाग में टेप एसीटेस्ट, एमटीएस के पद पर नौकरी दिलाने के नाम से तीन किश्तों में 88 लाख रुपए ठग लिए।

आरोप है की भूदेव सिंह ने अपने बेटे सौंदर्य देव सज्जन पुत्रवधू स्वाती अपनी पत्नी गीता चौहान के इनकमटैक्स कमिश्नर से सीधे संपर्क होने का झांसा देते हुए उक्त छात्रों से 88 लाख तीन किश्तों में लें लिए।

नौकरी दिलाने के लिए दबाव बढ़ता देख भूदेव सिंह ने फर्जी नियुक्ति पत्र देकर 6 माह के लिए दिल्ली ट्रेनिंग के लिए भिजवा दिया तथा सवा लाख रुपए खाते में ट्रांसफर कर दिए ,बाकी रकम नही लौटने तथा लंबा समय बीत जाने पर युवक पैसे वापस करने का दबाव बनाने लगे तो आरोपित द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।

वीडियो तूने पुलिस को अपने साथ हुई ठगी के संबंध में कुछ साक्ष्य भी उपलब्ध कराए हैं जो देश दीपक सिंह ने बताया की दर्ज की गई रिपोर्ट के आधार पर जांच की जा रही है।

जांच के उपरांत शीघ्र कानूनी कार्रवाई की जाएगी उधर पीड़ितों का कहना है कि हमें सरकार न्याय दिलाये अन्यथा हमें इच्छा मृत्यु की इजाजत दे। हमने कर्ज लेकर रुपए दिए हैं जिसके कारण हमारे सामने मौत के अलावा और कोई राश्ता नहीं बचा है

## ईदुल अजहा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

**✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷**

नगर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में ईदुल अजहा का त्यौहार पूरे हर्षोल्लास के साथ परम्परागत ढंग के साथ मनाया गया। बड़ी तादाद में मुसलमानों ने बढ़ापुर नगीना मार्ग पर स्थित ईदगाह और नगर की मस्जिदों में ईदुल अजहा की नमाज़ को अदा किया।

इस मौके पर मुल्क व मिल्लत की तरक्की,अमनो अमान,आपस में प्रेम व भाईचारें की दुआएं की गई।नमाज़ ईदुल अजहा की अदायगी के बाद बड़ी संख्या में मुसलमानों ने कुर्बानी की रस्म को अदा किया,और अपने अपने क़ब्रिश्तानों में जाकर मरहुमीनों के लिए इसालें सवाब पहुँचा कर उनके लिये दुआएं मग़फ़रित की और अपने मरहुमीनों को अपने साथ ईदुल अजहा की खुशियों में शामिल किया।

ईद की नमाज़ के बाद सबने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बढ़ापुर नगीना मार्ग पर शितथ ईदगाह पर ईदुल अजहा की नमाज मौलाना डॉ खलीक अहमद क़ासमी ने अदा कराई जबकि मुफ़्ती नबील अहमद रशीदी ने खुत्बा पढ़ा।इस मौके पर बोलते हुए मौलाना डॉ खलिक अहमद क़ासमी ने कहा कि उलेमा इकराम की बातों पर अमल करना चाहिए।

हमें आखिरत की फिक्र करनी चाहिए। मुफ्ती नबील अहमद रशीदी, मुफ्ती कफील मजाहरी ने भी अवाम से खिताब करते हुए हजरत इब्राहिम की सुन्नत कुर्बानी के बारे में जानकारी दी। दूसरी ओर नगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में ईदुल अजहा की नमाज़ मुफ़्ती मुहम्मद अवैस अकरम ने पढ़ाई ईदुल अजहा की नमाज़ के बाद लोगों ने आपस मे गले मिलकर एक दूसरे को ईदुल अजहा की मुबारक बाद दी।

### पुलिस को मिली शानदार सफलता

# 6 वाहन चोर गिरफ्तार, 10 दो पहिया वाहन बरामद



**✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷**

पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान छः वाहन चोरों को दबोच लिया। पुलिस ने उनके पास से चोरी की चार स्कूटी व छः बाइकें बरामद की। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर संबंधित धाराओं में उनका चालान कर दिया।

रात्रि में उपनिरीक्षक भारत सिंह व संयम यादव मयफोर्स कोतवाली रोड पर गांव सादिकाबाद के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान नहटौर की ओर से आ रहे दो बाइक सवार चैकिंग होती देख बाइक मोडकर वहां से भागने लगे। पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। जांच की तो उनकी बाइकें चोरी की पाई गईं।

जिस पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम विनय निवासी मुन्नी देवी कालोनी धामपुर तथा राजा कुमार निवासी ग्राम खानपुर थाना स्योहारा बताया। साथ ही बताया कि सादिकाबाद के बाग में उनके चार और साथी चोरी के वाहनों के साथ मौजूद हैं। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दिनेश कुमार निवासी ग्राम खानपुर थाना स्योहारा, नकुल कुमार निवासी ग्राम नौरगांबाद थाना धामपुर, कृष्णा निवासी मोहल्ला लोहियान धामपुर, अरुण कुमार निवासी ग्राम जटनंगला थाना स्योहारा को चोरी की चार बाइकों तथा चार स्कूटियों के साथ दबोच लिया।

पूछताछ में सभी ने बताया कि उन्होंने उक्त वाहन हरिद्वार व अन्य स्थानों से चुराए हैं। बताया कि वे वाहन चोरी कर किसी के ढांचे में बदलाव करके, किसी के रजिस्ट्रेशन नम्बर में बदलाव करके तथा किसी का चैसिस नम्बर मिटाकर लोगों को धोखा देकर बेच देते हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। उन पर पहले भी मुकदमे दर्ज हैं।

## कार की टक्कर से ऑटो सवार घायल

**एनसीआर टुडे. नोएडा।** सेक्टर-94 स्थित श्मशान घाट के पास गलत दिशा से आ रहे कार के चालक ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। ऑटो चालक मुकेश के दोनों पैर और एक हाथ में फ्रैक्चर हो गया। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में भी चोट आई।

# बिजनौर के जिला विकास प्रबंधक का भव्य विदाई समारोह एवं स्वागत समारोह




**✷ एनसीआर टुडे. नूरपुर ✷**

क्षेत्र के गांव विशनपुरा बिडरा में शिव शक्ति ग्रामोद्योग विकास संस्थान के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के पूर्व डीडीएम विरेश आर नायक व नवनियुक्त डीडीएम भूपेश पुनेरा के लिए विदाई व स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन ढोल नगाड़ों के साथ फूलमाला पहनाकर धूमधाम के साथ किया गया।

कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों ने डीडीएम विरेश आर नायक जमकर प्रशंसा की एवं जिले में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों की सराहना की। साथ ही सभी ने कहा कि आपके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भूलाया नहीं जा सकता और आप हमारे दिलों में हमेशा रहेंगे। शिव शक्ति ग्रामोद्योग विकास संस्थान के के सचिव गौरव चौहान ने अपने शिव शक्ति परिवार के साथ पूर्व डीडीएम विरेश आर नायक एवं वर्तमान डीडीएम भूपेश पुनेरा का भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम के अवसर पर राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के योगदान व भूमिका की वक्ताओं ने विश्तार से चर्चा की। शिव शक्ति ग्रामोद्योग विकास संस्थान द्वारा पूर्व डीडीएम विरेश आर नायक व नवनियुक्त डीडीएम भूपेश पुनेरा का माल्यार्पण व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया। बीरेश जिला विकास प्रबंधन ने कहा की जिला बिजनौर से और शिव शक्ति ग्रामोघोग विकास संस्थान से मुझे जो प्यार और सहयोग मिला है वह मुझे हमेशा याद रहेगा और मेरा भले ही मेरा ट्रांसफर हो गया है लेकिन मैं आपसे हमेशा जुड़ा रहूंगा। वर्तमान डीडीएम भूपेश पुनेरा ने कहा कि जो कार्य पूर्व डीडीएम के कार्यकाल में पूरे नहीं हो पाए हैं। उनको मैं पूरा करने के लिए प्रयास करूंगा। वह जिले के विकास में एवं नाबार्ड की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ जिला बिजनौर को पहुंचाने का कार्य करूंगा।

भाजपा नेता रंजीत चौधरी,के डी देशवाल, धर्मेंद्र सागर, आर आर पब्लिक स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने कहा कि आज हमें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि संस्थान ने महिलाओं के सम्मान व विकास के लिए जो भी क्रांतिकारी कदम उठाए हैं उनकी भरपूर सराहना की जानी चाहिए।

उनकी नजर में शिव शक्ति है और शक्ति ही शिव है क्योंकि हर युग में नारियों ने बड़े-बड़े व्यक्तियों को युद्ध में पराश्त कर अपने अंदर छिपी शक्ति का परिचय दिया है। वह सदैव नारी का सम्मान करते रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व डीडीएम विरेश आर नायक व वर्तमान डीडीएम भूपेश पुनेरा को संस्था के सचिव गौरव चौहान, एडवोकेट विजय चौहान, मास्टर रणबीर सिंह, एडवोकेट भूदेव सिंह तोमर ने पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर कृपाल सिंह ने की। चंचल कटारिया के कुशल संचालन मे आयोजित कार्यक्रम में , पप्पू अंसारी, संजीव डबास, अनुराग शर्मा, मनीषा राजपूत, कपिल कुमार, आदि मौजूद रहे।

# अफजलगढ़ इलाके में ईदुल अजहा का त्योहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया

### ईदगाह पर पूर्व विधायक शेख सुलेमान,सीओ राजेश सिंह सोलंकी व थानाध्यक्ष सुमित राठी ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी

**✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷**


नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में ईदुल अजहा (बकरीद) का त्योहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। सवेरे ईदगाह पर नमाज के बाद कुर्बानी की रस्म अदा की गई।

ईदगाह में देश में खुशहाली और तरक्की व अमन-चैन कायम की दुआं को लेकर एक साथ उठें हजारों हाथ। इस दौरान नमाज के बाद ईदगाह पर पूर्व विधायक शेख सुलेमान, चेयरपर्सन पति जावेद विकार,पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट व मेम्बर कलवा कुरैशी सहित सीओ राजेश सिंह सोलंकी व थानाध्यक्ष सुमित राठी ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी।

इससे पहले ईदगाह में मुफ्ती सईदुर्रहमान ने मुस्लिम समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी इस्लाम का एक महत्वपूर्ण फर्ज है। कुर्बानी का मायने खुदा को राजी करना है। कुर्बानी करते हुए बहुत बातों को ध्यान रखना है।

ऐसा कार्य ना करें जिससे किसी को भी परेशानी हो। ईदुल अजहा के दिन अल्लाह की रजा के लिए कुर्बानी की जाती है। इसकी नुमाइश ना की जाए। कुर्बानी करते समय दूसरे समुदाय की भावनाओं का भी ख्याल रखा जाए। कुर्बानी के बचे हुए अवशेषो को गड्ढे में दबाया जाए तथा सड़क पर कुर्बानी के अवशेष ना फेंके दूसरे समाज की भावनाओं का भी ख्याल करें।

शनिवार को नगर की ईदगाह में प्रातः साढ़े सात बजे मुफ्ती सईदुर्रहमान ने ईदुल अजहा की नमाज अदा कराई। जबकि जामा मस्जिद में पौने आठ बजे मुफ्ती मौहम्मद नईम, मस्जिद बेल वाली में छह बजे मौलाना अकरम,रेहड़ की ईदगाह में सवा सात बजे मौलाना





यूनुस अहमद, भूतपुरी क्षेत्र के गांव मनोहरवाली में ईदगाह में साढ़े सात बजे मौलाना रियाज अहमद, सुआवाला ईदगाह में साढ़े सात बजे कारी नसीम अहमद, कासमपुरगढ़ी ईदगाह में सवा सात बजे मौलाना शकील अहमद,सीरवासुचन्द बड़ी ईदगाह में सात बजे मौलाना महमुदुल हसन अंसारी व मानियावाला ईदगाह पर साढ़े सात बजे मौलाना नईम अहमद ने ईदुल अजहा की नमाज अदा कराई।

वही नगर पालिका अफजलगढ़ की ओर से इस बार ईदगाह में काफी साफ सफाई व ईदगाह गेट को बहुत ही सुन्दर तरीके से अनोखे अंदाज में सजावट देखने को मिली इसके अलावा अधिक गर्मी को देखते हुए चेयरपर्सन पति जावेद विकार की ओर नमाजियों तक हवा पहुंचाने के लिए पूरी ईदगाह में कूलर की व्यवस्था की गई।

नगरवासियों ने चेयरपर्सन पति जावेद विकार की सराहनीय की।ईदगाह अफजलगढ़ में नमाज़ के बाद मुफ्ती सईदुर्रहमान ने देश में खुशहाली और तरक्की व अमन-चैन कायम को लेकर दुआएं मांगी गई। दुआं में एक साथ उठें हजारों हाथ। इसके बाद कुर्बानी की रस्म अदा की गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर ईदुल अजहा की बधाई दी।

वही नगर के विभिन्न स्थानों पर मुस्लिम मोहल्ले में मेले जैसा माहौल रहा। बच्चों ने झूले एवं चाट पकौड़ी का जमकर आनंद लिया। इस दौरान नमाज के बाद अफजलगढ़ ईदगाह पर पूर्व विधायक शेख सुलेमान,चेयरपर्सन पति जावेद विकार,पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट,मेम्बर कलवा कुरैशी सहित सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी, बीडीओ सीपी पांडे व थानाध्यक्ष सुमित राठी ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईदुल अजहा की शुभकामनाएं दी।

सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी, थानाध्यक्ष सुमित राठी, एसएसआई श्रीपाल सिंह व अफजलगढ़ कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा।

ईदगाह व जामा मस्जिद के बाहर पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन, पूर्व चेयरमैन नफीस अहमद कुरैशी, भाजपा नेता मास्टर समीम अंसारी, सभासद डॉ शाहिद हुसैन, समीम अंसारी भट्टे वाले, पूर्व सभासद खलील अहमद उर्फ पप्पू पठान, शेख इस्माइल तुर्क, सपा नगर अध्यक्ष शेख इरशाद हुसैन, रियासत हुसैन अंसारी, सभासद शेख इमरोज़, दिलशाद ठेकेदार, सभासद रियासतुल्ला हुसैन, पूर्व सभासद अफजाल अंसारी एडवोकेट, कासिफ अंसारी, परवेज़ विकार, भाजपा नेता वसीम अंसारी, समाजसेवी कसीम कुरैशी, रिजवान अंसारी, इसरार अहमद कस्सार, मेहर आलम एडवोकेट, सभासद मुकीब खां सूरी, कादिर अंसारी, अफजाल असलूब अंसारी, जमशेद विकार, सभासद शाहनवाज सिद्दीकी, नवेद विशाल, पूर्व सभासद कासिम अंसारी, शेख इस्माइल हिन्दुश्तानी, नदीम हानी, उबैद विशाल तथा जुनैद विकार आदि मौजूद रहे।

# सभासद उस्मान जैदी की पहल से कुर्बानी वेस्ट का निस्तारण अब शहर से दूर

**✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷**

नगीना नगर के वार्ड नंबर 22 के उभरते हुए नेता एवं सभासद एडवोकेट उस्मान जैदी (Advocate Usman Zaidi) ने एक बड़ी जनहितकारी पहल करते हुए ईद-उल-अजहा (Eid-ul-Azha 2025) पर कुर्बानी के वेस्ट के निश्तारण को लेकर अहम कदम उठाया है

अब तक नगर पालिका द्वारा कुर्बानी के दौरान उत्पन्न वेस्ट को शहर के पास ही एक स्थल पर दफनाया जाता था। हालांकि उस क्षेत्र में स्थायी निवासी नहीं रहते थे, लेकिन उस राश्ते से प्रतिदिन आने-जाने वाले लोगों को गंभीर दुर्गंध और गंदगी के कारण काफी परेशानी होती थी।

इस मुद्दे को उठाते हुए एडवोकेट उस्मान जैदी ने जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इस पर अपने फेसबुक पोस्ट में जानकारी देते हुए लिखाः



“नगर पालिका शहर के पास ही कुर्बानी वेस्ट दफन कर देती थी जिसके चलते शहर के लोगो को बेहद परेशानी होती थी। आज सभासद सय्यद उसमान ज़ैदी ने जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन देकर उस कुर्बानी के वेस्ट को शहर से दूर करा दिया है।” उनकी इस पहल के बाद प्रशासन ने कुर्बानी वेस्ट के निश्तारण की व्यवस्था में बदलाव करते हुए अब इसे शहर से दूर निश्तारित करने का निर्देश दिया। इससे शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले लोगों को राहत मिलेगी और नगर की सफाई व्यवस्था भी बेहतर बनी रहेगी।

ईदगाह मार्ग पर ईदुल अजहा की नमाज अदा कर वापस लौट रहे नमाजियों को ईद की मुबारकबाद देने के लिए ईदगाह मार्ग पर राजनीतिज्ञयों ने अपने-अपने स्वागत कैंप लगाकर उनको मुबारकबाद दी। जिनमें नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन ताहिरा खलील के पुत्र शाहनवाज खलील व शहराज़ खलील की ओर से नमाजियों पर पुष्प वर्षा की गई,और ईद की मुबारकबाद दी गई।

दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के विधायक मनोज पारस के भाई धर्मेंद्र पारस,पूर्व प्रतियाशी सपा मनोज जज की ओर से अलग-अलग कैंप लगाकर ईद की लोगों को बधाई दी गई।

इसके अलावा कांग्रेस पार्टी की ओर से कांग्रेस जिला अध्यक्ष हैंनरीता ने भी कैंप लगाकर लोगों को ईदुल अजहा की मुबारकबाद पेश की।नगीना से आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर के स्वागत शिविर पर भी लोगो की भीड़ रही।

## सोसाइटी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा

**एनसीआरा टुडे. गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित स्काइटेक सोसाइटी फेज दो में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने नेत्र एवं हड्डी की जांच कराई। एओए एवं सर्वोदय अस्पताल के सहयोग से सोसाइटी के क्लब हाउस में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ। इसमें सोसाइटी के सभी लोगों ने हिस्सा लिया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा बच्चों और बुजुर्गों की नेत्र की जांच की गई एवं उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया गया। इसके अलावा हड्डी की भी जांच की गई। निवासियों के अलावा सिक्योरिटी गाड्र्स, मेंटेनेंस स्टाफ आदि ने भी स्वास्थ्य की जांच कराई। सोसाइटी निवासी अनुरंजन श्रीवाश्तव ने बताया कि सोसाइटी में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर समय-समय पर इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाता है।

# निरीक्षण करने पहुंची आयोग सदस्य से बोलें डाक्टर, बीजेपी का एक ऐजेंडा जो बोले देश छोड़ दें

**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷**

अस्पताल के निरीक्षण को पहुंची राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन से चिकित्सा प्रभारी द्वारा की गई बहस व जांच में सहयोग नही किए जाने की जानकारी जिला श्तर पर मिलने के बाद डाक्टर जितेन्द्र सिंह का स्थानांतरण हल्दौर से अफजलगढ़ कर दिया गया है।

मालूम हो कि हल्दौर स्थित सरकारी अस्पताल की शिकायत मिलने के बाद महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन 4 जून को निरीक्षण करने पहुंची थी जहां चिकित्सा प्रभारी जितेन्द्र सिंह अनुपस्थित मिलें काफी समय प्रतीक्षा के बाद वह पहुंचे तथा महिला आयोग सदस्य संगीता जैन से ही भिड़ गए डाक्टर जितेन्द्र प्रचारित विडियो में



कहते सुनाई दे रहे है कि बीजेपी का एक ही ऐजेंडा है कि जो बोले वह देश छोड़ दें, में देश नही छोड़ने वाला।

उल्लेखनीय है कि हल्दौर सरकारी अस्पताल की शिकायतें काफी समय से उच्चाधिकारियों को की जाती रही है पर कोई कार्रवाई कभी नही की गई, लगभग तीन साल से हल्दौर में जमें चिकित्सा प्रभारी जितेंद्र सिंह पर कार्यालय में समय से नही बैठने अथवा दिन भर गायब रहने, मरीजों को बाहर से दवाइयां लिखने के आरोप लगते रहे है,ऐसी ही शिकायतें मिलने पर संगीता जैन ने हल्दौर पहुंच अचानक अस्पताल का निरीक्षण किया जहां डाक्टर जितेन्द्र नही मिले जिन्हें सूचना देकर बुलवाया गया।

महिला आयोग सदस्य संगीता जैन का कहना है कि डाक्टर जितेन्द्र कुमार ने भाजपा को लेकर काफी गलत बोला है वह लखनऊ में ये मुद्दा अवश्य उठायेंगी। डाक्टर जितेन्द्र कुमार द्वारा सरकारी सेवा में रहते सरकार व पार्टी को निशाना बनाकर की गई आलोचना को लेकर चर्चा है कि क्या स्थानांतरण ही काफी है ?

# संपादकीय

## राष्ट्रवाद की आड में ट्रंप का परिवारवाद

देश में दलगत नेताओं के परिजनों, संबंधीजनों तथा स्वजनों को राजनैतिक दबाव के चलते लाभ देने के अनेक उदाहरण आज भी पैदा हो रहे हैं। अचानक पूंजीपति बनने वाले की संख्या में तेजी से बढोत्तरी हो रही है। सरकारी औपचारिकताओं को हाशिये पर रखकर सुविधायें पहुंचाने के अनेक मामले स्वाधीनता के बाद से ही सामने आते रहे हैं।

यूं तो घोटालों की लम्बी फेरिश्त है परन्तु बानगी के तौर पर सन 1948 का जीप खरीद घोटाला जिसमें वीके मेनन, सन 1951 का साइकिल आयात घोटाला जिसमें एसए वेंकटरमण, सन 1956 का बीएचयू फण्ड घोटाला, सन 1958 का हरिदास मूंदडा मामला जिसमें टीटी कृष्णामचारी, सन 1960 का तेजा लोन स्कैम, सन 1963 का प्रताप सिंह कैरों स्कैम, सन 1965 का पटनायक 'कलिंग ट्यूब्स' मामला जिसमें बीजू पटनायक, सन 1975 का मारुति घोटाला जिसमें इंदिरा गांधी, सन 1976 का कुओ आयल डील, सन 1981 का अंतुले ट्रस्ट मामला जिसमें एआर अंतुले, सन 1987 का एचडीडब्ल्यू दलाली मामला, सन 1987 का बोफोर्स घोटाला जिसमें राजीव गांधी, सन 1989 का सेंट किट्स मामला जिसमें वीपी सिंह, सन 1990 का चारा घोटाला जिसमें लालू प्रसाद यादव, सन 1991 का हवाला घोटाला जिसमें एसके जैन, सन 1992 का हर्षद मेहता काण्ड, सन 1992 का इंडियन बैंक मामला, सन 1992 का बाम्बे स्टाक एक्सचेन्ज घोटाला जिसमें हर्षद मेहता, सन 1992 का सिक्यूरिटी स्कैम, आईपीएल घोटाला जिसमें ललित मोदी, सत्यम घोटाला, स्टाम्प घोटाला, सन 1993 का झारखण्ड मुक्ति मोर्चा मामला जिसमें शिबू सोरेन, सन 1994 का चीनी घोटाला जिसमें कल्पनाथ राय, सन 1995 का जूता घोटाला जिसमें सोहिन दया, तहलका काण्ड जिसमें जार्ज फर्नाडीज, लक्खू भाई पाठक मामला जिसमें नरसिंहराव, सन 1999 का हसन अली टैक्स मामला, कामनवेल्थ गेम्स घोटाला जिसमें मनमोहन सिंह, विजय माल्या प्रकरण, पीएनबी घोटाला जिसमें नीरव मोदी तथा मेहुल चौकसी, रोटोमैक घोटाला, सन 2000 का मैच फिक्सिंग मामला, बराक मिसाइल सौदा मामला, यूटीआई घोटाला, तेल के बदले अनाज मामला जिसमें नटवर सिंह, ताज कैरीडोर मामला जिसमें मायावती, कोडा मनीलांडरिंग मामला जिसमें मधु कोडा, ताबूत घोटाला, सन 2002 का टेलीकाम स्कैम जिसमें सुखराम शर्मा, यूरिया घोटाला जिसमें सीएस रामकृष्णन, सन 2007 का 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला जिसमें ए. राजा, सन 2010 का आदर्श हाउसिंग घोटाला जिसमें अशोक चव्हाण, सन 2012 का वीवीआईपी हेलिकाप्टर घोटाला जिसमें एसपी त्यागी, सन् 2012 का नेशनल हेराल्ड मामला जिसमें सोनिया गांधी सन 2013 का डीएलएफ भूमि हडप मामला जिसमें राबर्ड वाड्रा, सन 2013 का केरल सौर पैनल घोटाला जिसमें सीएम चांडी, सन 2015 का वोट के लिए नोट मामला जिसमें एल्विस स्टीफेंसन, सन 2020 का केरल गोल्ड तस्करी मामला जिसमें पिनाराई विजयन, सन 2022 का शराब घोटाला जिसमें अरविन्द केजरीवाल पर भी गम्भीर आरोप लगाये गये थे।

सत्ताधिकार के सामने मुंह खोलने वालों की हमेशा ही दुर्गति होती रही है। निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए पद के दुरुपयोग का फैशन सा चल निकला है। अब तो भारत के घोटालों को आदर्श मानकर विदेशों में भी यह रीतियां तेजी से विकसित हो रहीं है। आपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिका का पाकिस्तान के साथ सहयोगात्मक रवैया यूं ही नहीं रहा है। ज्ञातव्य है कि कश्मीर के पहलगाम में विगत 22 अप्रेल को इस्लामिक आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी।

भारतीय नागरिकों का आक्रोश और सरकार का कडा रुख देखते हुए पाकिस्तान ने 27 अप्रेल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुश्नर और पुत्र एरिक ट्रंप, डोनाल्ड जूनियर की क्रिप्टो को समर्पित कम्पनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से एक अनुबंध कर लिया। यह अनुबंध सन् 2024 में गठित अमेरिकी कम्पनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल तथा सन 2025 में गठित पाकिश्तान क्रिप्टो काउंसिल के मध्य हुआ जिसमें काउंसिल की ओर से चांग पेंग झाओ को सलाहकार नियुक्त किया गया।

इस पूरे परिदृश्य में पाकिश्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पुत्र सलमान शहबाज की कम्पनी एसएसई टेक्नोलाजीज को क्रिप्टो माइनिंग नेटवर्क तैयार करने हेतु जोड दिया। उल्लेखनीय है कि पहलगाम हमले के ठीक पहले पाकिश्तान क्रिप्टो काउंसिल की स्थापना की गई थी। यानी यह सब कुछ पूर्व निर्धारित षडयंत्र के तहत चल रहा था जिसमें राष्ट्रवाद की आड में ट्रंप का परिवारवाद पूरी तरह से शामिल था। वाश्तविकता तो यह है कि अमेरिकी आवाम के जागरूक होने के कारण क्रिप्टो को वहां पर अपेक्षित विश्तार पाने में कठिनाई हो रही है जिसका विकल्प पाकिश्तान को बनाया जा रहा है ताकि यहां से ट्रंप परिवार की कम्पनी दुनिया भर में पांव पसार सके। ऐसा ही परिवारवाद तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोआन के कृत्यों भी से स्पष्ट होता है।

उनकी पुत्री सुमैये अर्दोआन का निकाह सेल्युक वायराक्त से हुआ था जो कि बायकर कम्पनी का मुखिया है। यह कम्पनी बायकर यीहा III सहित अनेक खतरनाक ड्रोन बनाती है जिसका युध्द के मैदान में उपयोग होता है। तुर्किये के राष्ट्रपति अर्दोआन के दामाद ने पाकिश्तान को न केवल युध्द में उपयोग होने वाले खतरनाक ड्रोन्स की आपूर्ति की बल्कि ड्रोन्स आपरेटर्स भी उपलब्ध कराये ताकि भारत को पराजित किया जा सके। ऐसा ही प्रयास रूस-यूक्रेन जंग में भी तुर्किये ने किया था।

बायकर कम्पनी ने यूक्रेन को ड्रोन सहित अन्य संसाधन भी उपलब्ध करवाये थे। यह अलग बात है कि रूस के सामने अमेरिकी उपकरण और तुर्किये हथियार ज्यादा प्रभावी नहीं हो रहे हैं। ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि दुनिया के अधिकांश नेताओं व्दारा स्वार्थ की दहलीज पर अपने पद, दायित्व और गरिमा की बलि चढाई जा रही है। सरकारी प्रक्रियाओं को मनमाफिक मोडकर निजी स्वार्थों के लक्ष्य का भेदन करने वाले धन की अट्टालिकाओं में विलासता के हिंडोले पर झूल रहे हैं। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# जलवायु परिवर्तनः असंभव है इन्हें रोक पाना

**तनवीर जाफ़री**

इस समय पूरी पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संकट से बुरी तरह जूझ रही है। विश्व के किसी न किसी कोने से मानवजीवन को संकट में डालने वाले आये दिन कोई न कोई ऐसे समाचार सुनाई देते हैं जो पर्यावरण पर नज़रें रखने वालों को चौंकाने वाले होते हैं। मानवजनित इस समस्या के चलते इसी पृथ्वी के किसी न किसी भूभाग से कोई न कोई दिल दहलाने वाली ख़बरें अक्सर आती रहती हैं।

कहीं ग्लेशियर पिघल रहे हैं तो कहीं समुद्र का जल श्तर बढ़ रहा है। कहीं जंगलों में आग लग रही है तो कहीं पहाड़ धंस रहे हैं। कहीं जंगलों में आग लगने के समाचार आते हैं तो कहीं वनक्षेत्र ख़ासकर वर्षावनों के कम होने की ख़बरें सुनाई देती हैं।

कहीं पहाड़, शुष्क रेगिश्तान की तरह होते जा रहे हैं तो कहीं रेगिश्तान में बारिश होने लगी है। कहीं नदियाँ सूख रही हैं तो कहीं बाढ़ तबाही मचाये रहती है। कहीं पहाड़ों की ऊंचाई कम हो रही है तो कहीं करोड़ों वर्षों से बर्फ़ के आवरण से ढके पहाड़ों से बर्फ़ की सफ़ेद चादर हट चुकी है। ज़ाहिर है दुनिया में बढ़ता जा रहा वायु प्रदूषण ही जलवायु परिवर्तन व व ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारक है। और यही ग्लोबल वार्मिंग और इसके कारण होने वाला जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान समझे जाने वाले मानव रुपी प्राणी की ही देन है।

इन समस्याओं से जूझने के लिये स्वयं को विश्व के ज़िम्मेदार समझने वाले नेता व शासकगण वातनुकूलित वातावरण में दुनिया में कहीं न कहीं इकठ्ठा होते रहते हैं और पृथ्वी के इन दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हालात पर चिंता व्यक्त करने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने तो 53 वर्ष पूर्व यानी वर्ष 1972 में ही पूरे विश्व में पर्यावरण की सुरक्षा, संरक्षण तथा वैश्विक श्तर पर पर्यावरण के प्रति राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु प्रत्येक वर्ष 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाने की घोषणा भी कर दी थी। तभी से दुनिया के देश इस विषय पर किसी न किसी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चिंता करते नज़र आते हैं। इसके लिए विश्व श्तर पर कई सम्मेलन और समझौते भी हो चुके हैं और भविष्य में भी प्रश्तावित हैं।

संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन एक ऐसा ही प्रमुख मंच है जहां विश्व के नेता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क़दम उठाने पर सहमत होने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यह सम्मेलन दुनिया के देशों को जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई करने के लिए एक साथ लाने का प्रयास करते भी नज़र आता है। इस सम्मेलन में शामिल देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने की कोशिश करते भी दिखाई देते हैं।

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है। इस समझौते का उद्देश्य वैश्विक औसत तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक श्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। इसी तरह पृथ्वी शिखर सम्मेलन है जोकि पर्यावरण और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।

रियो डी जनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र फ़्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज की स्थापना की गयी थी। इसी



तरह कभी दुनिया के प्रमुख विकसित और विकासशील देशों का एक समूह जी 20 शिखर सम्मेलन भी जलवायु परिवर्तन पर चर्चा का मंच बन जाता है। निकट भविष्य में भी ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में स्थित बेलेम शहर में 10-21 नवंबर 2025 तक संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने वाला है। इसी तरह मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन सऊदी अरब के रियाद, में आयोजित किया जाएगा।

परन्तु इन सभी वैश्विक प्रयासों के बावजूद सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि 50 वर्षों से भी अधिक समय से ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाने व जलवायु संरक्षण के नाम पर होने वाले वैश्विक प्रयासों का आख़रि अब तक नतीजा क्या निकला है? सिवाय इसके कि स्वयं को विकसित कहने वाले देश विकास के नाम पर स्वयं को तो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा ज़िम्मेदार बनने से रोक नहीं पा रहे जबकि अन्य विकाशील व ग़रीब देशों को फ़ंड देकर उनसे यह उम्मीद करते हैं कि वही देश इसपर नियंत्रण करें? विकासशील देशों से वृक्षारोपण अभियान चलाने की उम्मीद की जाती है जबकि विकसित देश हथियारों की होड़ व गगनचुम्बी इमारतों को बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे रहते हैं।

विकासशील देश नित नये उद्योग, वाहन व यातायात के अन्य प्रदूषण फैलाने वाले वाहन बनाने में मशग़ूल रहते हैं जबकि अन्य देशों को प्रवचन देते हैं कि ईंधन की खपत करने वाले 10-15 वर्ष पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने के क़ानून बनायें? आम लोगों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई यात्रा कम से कम करें, कारों का इश्तेमाल न करें या इलेक्ट्रिक वाहन का प्रयोग करें, मांस व डेयरी प्रोडक्ट का इश्तेमाल कम से कम करें, घरेलू व औद्योगिक ज़रूरतों में ऊर्जा खपत में कटौती करें, कम से कम ऊर्जा ख़पत वाले उपकरण ख़रीदें, अपने घरों को तापावरोधी बनायें तथा गैस सिस्टम से इलेक्ट्रिक हीट पंपों पर स्विच करें, आदि आदि। यानी जलवायु सम्मेलनों के नाम पर इकठ्ठा होने वाले देशों में भी 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' वाली कहावत चरितार्थ होते दिखाई देती है।

अन्यथा यदि जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग के असल ज़िम्मेदार देश विकास के नाम पर बनाई जाने वाली अपनी नीतियों में ईमानदाराना परिवर्तन करते तो 50 वर्षों के प्रयास के बावजूद आज पृथ्वी की स्थिति इसतरह दिन प्रतिदिन बद से बदतर न हो रही होती। आश्चर्य की बात तो यह है कि जिस ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में नवंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है और जिस ऐमेज़ॉन क्षेत्र के वर्षावन पृथ्वी को लगभग बीस प्रतिशत ऑक्सीजन प्रदान करते थे उसी ऐमेज़ॉन क्षेत्र के सैकड़ों किलोमीटर के जंगल कुछ वर्ष पूर्व ही विकास की भेंट चढ़ गये?

हिमालय पर्वत की चोटियां जो हमेशा बर्फ़ की सफ़ेद चादर ओढ़े रहती थीं अब उनकी बर्फ़ पिघलने लगी है। अंटार्टिका के ध्रुवीय ग्लेशियर लगातार पिघलते जा रहे हैं। परमाणु युद्ध की दश्तस्क आये दिन सुनाई देती है। अमेरिका, रूस व इस्राईल जैसे देश जब देखो तब कहीं न कहीं युद्ध के नाम पर ख़तरनाक बारूदी प्रदूषण फैलाते रहते हैं। और यही देश नेपाल जैसे छोटे देश तक का प्रदूषण श्तर नापते रहते हैं।

शायद यही वजह है कि जलवायु सम्मेलन, नेताओं की तफ़रीह व सैर सपाटे की जगह तो बन जाते हैं परन्तु इन समस्याओं का स्थाई तो दूर अस्थाई समाधान भी निकाल नहीं पाते। इन परिस्थितियों को देखते हुये यह कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लोबल वार्मिंग व इसके कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोक पाना लगभग असंभव सा प्रतीत होता है।

# आपदा और फालतू खबरों का भ्रम जाल

**संजय गोस्वामी**

आज जिस तरह की घटना घट रही है और अजब गजब का खबर सुनने क्रो मिलता है जो किसी के दुनिया से माया मैं फंस कर विचार मैं समय की बर्बादी जैसे सवाल और आपदा होती है तो दुःख होता है इससे भगवान श्री राम से शिक्षा लेने की जरुरत है चले प्रभु राम क्रो क्या होगा क्या करना है ऐ उन्हें मालूम था क्योंकि वो साक्षात ईश्वर हैं बस ऐ वो दिखाना चाहते थे कि अहंकार मत करो और पराई स्त्री पर कभी ऐ मत सोच लेना की ताकत के दम पर कहीं भी हर कर ले जा सकते हैं और नारी अबला नहीं है वो देवी है माता सीता क्रो रावण कुछ कर नहीं पाया क्योंकि वो शरीर से अलग जरूर माता सीता भगवान राम से दूर धोखे से अपहरण का शिकार हुई लेकिन उनके आत्मा में प्रभु राम थे जो उसे रक्षा प्रदान कर रहे थे।



भगवान श्री राम ने काँटों से फूल बनाना सिखाया है और धर्म के राश्ते, जात पात से परे प्रेम से मिलकर रहना शिखाया है और सत्य के लिए लड़ना भी सिखाया है तुलसीदासजी कहते हैं भजमन राम चरण सुखदाई, यानी राम के चरणों में ही सच्चा सुख है और सुःख सच्चे मायने में वहीं है जिसमे अपार प्रेम की भावना हो ऐ चरण के स्पर्श से अहिल्या पत्थर से पुनः जी उठी और राम केवट संबाद में केवट भगवान श्री राम क्रो अपनी नाव में बैठने हेतु इसलिए इंकार करता है कि कहीं मेरी नाव भी अहिल्या की तरह जी ना उठे और फिर मेरी जीविका कैसे चलेगी।

अतः उनके पाँव क्रो धो डालता है और वो भी अश्रु से ऐ है भगवान श्री राम के प्रति सच्ची आस्था जो इतिहास बन गई और जब उन्हें सरयू नदी के पार पहुंचा देता है तो सीता माता अपने सोने की अंगूठी दे देती है और राम उसे भावसागर पार करा देते हैं आज लोग क्रिकेट आईपीएल जो मनोरंजन के लिए बना है पता नहीं क्यों इतना दिवाना हो गए हैं कि अपने जान क्रो मामूली सी जीत के पीछे इतना दीवाना हो गए है कि भगदड़ से अपने जान गवां देते हैं और यही चर्चा स्कूल कॉलेज अधिकतर ऑफिस में इस तरह चर्चा करते हैं जैसे पहाड़ उठा लिया है मृतको के प्रति मेरी गहरी सम्वेदना है लेकिन इस पर विचार करें खेल का श्तर क्या है ऐ इंडिया में ही कुछ अपने शहर के नाम से टीम है जो फेंटासी लिग मैच है जो मनोरंजन के लिए है इसमें हारने और जितने से देश क्रो कुछ नहीं होने बाला है मनोरंजन की तरह देखना चाहिए।

आधे खिलाड़ियों जो टीम के लिए खेलते हैं कभी एक टीम में रहते फिर बोली लगती है और दूसरे टीम में चले जाते हैं क्या यह क्रोई पहाड़ उठाने जैसा नहीं है मीडिया इसे इतना बढ़ा चढ़ा कर दिखाती है कि लोग इसके पीछे पागल हो जाती है और तो और उसमें राजनेता भी शामिल हो जाते हैं जबकी बहुत से खिलाड़ी विदेश से भी हैं जो किसी टीम के साथ खेलते हैं।

बंगलौर जीते या पंजाब सब तो भारत की ही टीम है पैसा मीडिया खिलाड़ी कमा रहें हैं और जान आप गवां रहें है पंजाब हार कर भी जीत गया क्योंकि अंत तक लड़ता रहा और बस 1सिक्स जो बाउंड्री की ओर थी उसे लपक लिया अतः सयम और धैर्य से काम ले इसे मनोरंजन की भावना से देखना चाहिए। क्योंकि उसलिए ऐ हॉटस्टार पर आता है जिसको देखने के लिए पैसा देना पड़ता है और बच्चों में एक जोश देखा गया है ऐ भी सही है लेकिन हार या जीत पर खुश या उदास होना सही नहीं है ऐ सच है कि आईपीएल से नए खिलाड़ियों क्रो एक पहचान मिली है लेकिन उसके पीछे दीवाना होना दिमाग़ क्रो ख़राब और हारने पर मायूस होना ठीक नहीं है क्योंकि इससे आपको मन ही मन लगेगा अगर कैच छूट जाता तो वो जीत जाता और पढ़ाई पर बुरा असर डालती है।

मीडिया काल तक इसी पर खुब दिखाता रहा लेकिन कब भगदड़ हुई और प्रशासन क्या कर रहा था इसओर किसी की भी नजर नहीं गई अब जब हादसा हो गया है तो जिम्मेदार कौन है इसपर सबाल हो रहा है भगदड़ सिर्फ मैच में होता है ऐसा भी नहीं है ऐ किसी भी आयोजन पर हो सकता है इसलिए मीडिया क्रो भी जिसे तबज्जू उतना देना सही नहीं है।

क्योंकि इससे लोग जुटने लगते हैं और जब भीड़ बढ़ते जाती है तो किसी क्रो काबू करना मुश्किल हो जाता है भीड़ एक ऐसा समूह है कि वो एक समय के बाद नियंत्रण में नहीं रहता है इसमें दूसरे देशों में कितनी सरकारी का तख्ता पलट गया अतः किसी भी आयोजन के लिए भीड़ क्रो नियंत्रण करने का सबसे अच्छा तरीका है मीडिया में उसे ज्यादा बढ़ा चढ़ा कर न दिखाया जाए और राज्य सरकारी क्रो ऐसी हालत पर किसी भी भव्य समारोह पर एंट्री और एग्जिट क्रो ज्यादा से ज्यादा खोलना और कभी किसी जगह पर एक जगह पर लोगो क्रो इकठ्ठा होने से रोकना चाहिए और आपदा प्रबंधन क्रो सही से लागू की जाए नियम का सही से पालन हो लोगों की जान की कीमत है।

क्योंकि वो बापस नहीं आ सकता लेकिन आईपीएल तो कभी भी चालू या बन्द होता रहता है जैसे की ऑपरेशन सिंदूर पर बीच में स्थगित किया गया था मीडिया बार बार उसी पर चर्चा कर अभी तक कर रही है ऐ भारतीय सेना की कामयाबी है और कामयाब बनने के लिए देश के लिए खोना भी पड़ता है जब एक छोटे से देश यूक्रेन ने रूस क्रो करीब 3 साल तक उलझा कर रखा है तो ऐसा कहना सही नहीं होगा कि क्रोई भी देश चाहे छोटा हो या बड़ा नुकसान दोनों तरफ से होता है ऐ सेनाओं का अपने देश के प्रति समर्पण है।

अब भगवान श्री राम से शिक्षा लेने की जरुरत है शांति की आवश्यकता है देश क्रो टेक्नोलॉजी में आगे बढ़ने की ओर सभी अपना योगदान दे और सही खबर यदि देशहित में नहीं है तो मीडिया में उसे ज्यादा महत्व देने की जरुरत नहीं है सत्य यह है कि जब तक हम जीवन को भगवान श्री राम की दृष्टि से देखेंगे, तब तक त्याग में खुशी जैसा लगेगा अतः जीवन को सत्य की भांति देखें, तब त्याग फल मिलेगा।

त्याग वह दीप है जिसमें आत्मा का घृत जलता है, और फिर प्रकाश फैलता है। यही आह्वान है जिसके हर विसर्जन में ब्रह्म की गूंज है। जीवन उसी का स्वर है, जो स्वयं को नितांत मौन में विसर्जित करता है। इस दुःखद समय मैं भगवान श्री राम ही आपके साथ आपके दुःख की घड़ी में हमेशा साथ रहता है और उस ईश्वर सबसे बड़ा न्यायकारी है और सबों से प्रेम करता है लेकिन माया के जाल में इस तरह बंध गए हैं कि हम पहचान भी खोते जा रहें हैं।

एकबार भगवान श्री राम क्रो पुकार कर तो देखो भगवान श्री राम ईश्वर का साक्षात रूप हैं और आज भी हैं और अनन्त काल तक रहेंगे मुझे स्व डॉ कुणान किशोर, महावीर मंदिर, पटना के संथापक व पूर्व आईपीएस अधिकारी ने भगवान राम के बारे में जो बताया और राम मंदिर निर्माण में राम मंदिर हेतु कोर्ट के सामने जो साक्ष्य प्रश्तुत किये मैं दंग रह गया कि एक पूर्व आईपीएस अधिकारी जिसे समाज मैं सबकुछ मिलता है वो भगवान श्री राम के प्रति कितना आकर्षित है।

आज वो इस दुनिया मैं तो नहीं है लेकिन आज भी अयोध्या में उनके द्वारा स्थापित की गई राम रसोई चल रहा है अतः भगवान श्री राम ईश्वर का साक्षात रूप हैं। । श्री राम की जीवन से हमें अनेक महत्वपूर्ण शिक्षाएं प्राप्त होती हैं। पहले तो उनका प्रेम परिवार और धर्म से संबंधित दायित्व का पालन करने की प्रेरणा मिलती है। उनका समर्पण और न्यायप्रिय व्यवहार हमें समाज में समर्थ और सजीव भूमिका निभाने की दिशा देता है।

उनकी वफादारी, साहस और आत्मनिर्भरता हमें कठिन परिस्थितियों में भी साहसी बनाती हैं। उनका धैर्य और धर्म के प्रति अनुकरणस्पदता हमें जीवन के विभिन्न पहलुओं में सहायक होती है। इस प्रकार, श्री राम के जीवन से हमें एक सशक्त और आदर्शपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त होती है। भगवान राम का जीवन सिखाता है कि हमें अपने लक्ष्यों को कभी छोड़ना नहीं चाहिए। पूरी रामकथा सिखाती है कि ईश्वर अगर एक राश्ता बंद करता है तो दूसरे राश्ते खोलता है और किसी ना किसी को मदद के लिए भी भेजता है। इसलिए लाइफ में अपने गोल्स के पीछे पड़े रहें, अंत में सफलता जरूर मिलती है। वैसे तो राम भगवान हैं लेकिन धरती पर उन्होंने साधारण मनुष्य के रूप में जन्म लिया था और जीवन के सारे कष्टों को सहा था। भगवान राम का जीवन यहीं सिखाता है कि कभी भी मन की शांति को खत्म नहीं होने देना चाहिए। कठिन परिस्थियों में भी धैर्य बनाए रखना जरूरी होता है।

**(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)**

# भारतीय अर्थव्यवस्था को भारतीय रिजर्व बैंक के दो महत्वपूर्ण तोहफे

**प्रहलाद सबनानी**

वैश्विक श्तर पर विश्व के कई देशों में आर्थिक गतिविधियों पर संकट के बादल मंडराते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में तो श्री डॉनल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद से नित नई घोषणाएं की जा रही है। कभी टैरिफ को बढ़ाया जा रहा है तो कभी टैरिफ को लागू करने की तारीखों में परिवर्तन किया जा रहा है तो कभी टैरिफ को कम किया जा रहा है। कुल मिलाकर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अफरा तफरी का माहौल बन गया है।

अभी हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति श्री ट्रम्प एवं अमेरिका के एक महत्वपूर्ण एवं शक्तिशाली मंत्री श्री एलान मस्क के बीच युद्ध छिड़ गया है एवं अब वे एक दूसरे पर गम्भीर आरोप लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था का इन सब बातों से बहुत नुक्सान होता हुआ दिखाई दे रहा है।

बेरोजगारी भत्ता लेने वाले नागरिकों की संख्या में वृद्धि हो रही है, अमेरिकी कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों की छंटनी पर विचार किया जा रहा है एवं आर्थिक विकास दर कम हो रही है। दूसरी ओर, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म होने के आसार अभी भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। एक तरह से इजराईल, हम्मास के बीच युद्ध अभी भी जारी ही है। चीन एवं अमेरिका के बीच में आई खटास भी कम होने का नाम नहीं ले रही है।

वैश्विक श्तर पर इन समश्त घटनाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था नित नई ऊचाईयों को छूने की ओर अग्रसर है। भारत में नागरिक शांतिपूर्ण तरीके से भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने के प्रति कटिबद्ध हैं।

केंद्र एवं राज्य सरकारों के उपक्रम एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियां देश के आर्थिक विकास को गति देने में अपने प्रयास लगातार तेज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 6 जून 2025 को द्विमासिक मुद्रा नीति की घोषणा करते हुए, देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से, दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक, रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 6 प्रतिशत की दर से नीचे लाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया गया है।

केलेंडर वर्ष 2025 में रेपो दर में यह लगातार तीसरी कटौती की गई है एवं कुल मिलाकर रेपो दर में 100 आधार बिंदुओं की कमी की जा चुकी है। फरवरी 2025 एवं अप्रेल 2025 घोषित की गई मुद्रा नीति के माध्यम से रेपो दर में दोनों बार 25 आधार बिंदुओं की कमी की गई थी।

रेपो दर उस दर को कहते हैं, जिस दर पर भारतीय रिजर्व बैंक विभिन्न बैंकों को आवश्यकता पड़ने पर ऋण उपलब्ध कराता है एवं विभिन्न बैंक रेपो दर को आधार दर बनाते हुए इस दर पर कुछ आधार बिंदु (जमाराशि की लागत एवं लाभ की राशि का समायोजन करते हुए) जोड़ते हुए, ब्याज की दर पर, अपने ग्राहकों को ऋणराशि उपलब्ध कराते हैं।



दूसरे, भारतीय रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात में सीधे ही 100 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 4 प्रतिशत की दर से घटाकर 3 प्रतिशत की दर पर ला दिया है।

इससे, भारत में बैंकों के पास 2.5 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से उपलब्ध हो जाएगी एवं सिस्टम में तरलता बढ़ जाएगी। नकद आरक्षित अनुपात उस अनुपात को कहते हैं, जिस पर विभिन्न बैंकों को अपने मांग एवं जमा देयताओं की राशि पर इस अनुपात की दर से नकदी राशि भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा करानी होती है। अतः यह राशि इन बैंकों की पहुंच से बाहर हो जाती है एवं ऋण के रूप में इसे बैंक के ग्राहकों को उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है।

यदि नकद आरक्षित अनुपात को कम कर दिया जाता है तो बैंकों के पास यह राशि ऋण के रूप में प्रदान करने के लिए उपलब्ध हो जाती है। इससे स्पष्टतः बैंकों की लाभप्रदता में सुधार होता है।

भारतीय रिजर्व बैंक के उक्त महत्वपूर्ण दोनों निर्णयों से वैश्विक श्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बीच भारत में उत्पादों की आंतरिक मांग उत्पन्न करने में सहायता मिलेगी क्योंकि बैंक अपने ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली ऋणराशि पर ब्याज दरों को कम करेंगे।

इससे, विशेष रूप से व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण, आदि सश्ते होंगे और अब प्रति माह ग्राहकों द्वारा इन ऋणों पर अदा की जाने वाली मासिक किश्त की राशि में कमी आएगी और इन नागरिकों के पास खर्च करने के लिए अतिरिक्त राशि उपलब्ध होने लगेगी, जिसे वे अन्य पदार्थों को खरीदने में खर्च कर सकेंगे। साथ ही, ऋण पर ब्याज राशि कम होने से विभिन्न उत्पादक कम्पनियों की लाभप्रदता में वृद्धि होगी क्योंकि उन्हें अब बैंकों से लिए गए ऋण पर कम ब्याज देना होगा। लाभप्रदता में होने वाली इस अतिरिक्त वृद्धि के चलते यह कम्पनियां अपनी उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के बारे में गम्भीरता से विचार करेंगी क्योंकि उत्पादों की होने वाली मांग में वृद्धि की पूर्ति जो करनी है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जून 2025 माह में घोषित मौद्रिक नीति को अर्थशास्त्रियों एवं बैंकिंग जगत के विशेषज्ञों द्वारा हाल ही के वर्षों में घोषित की गई सबसे बेहतरीन मौद्रिक नीति माना जा रहा है।

इस मौद्रिक नीति को भारत के शेयर बाजार ने भी दिनांक 6 जून 2025 को त्वरित सकारात्मक उत्तर दिया और निफ्टी एवं सेन्सेक्स में एक प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। ब्याज दरों से जुड़े क्षेत्रों विशेष रूप से बैंकिंग, रीयल एस्टेट एवं ऑटो क्षेत्र की कम्पनियों के शेयरों में जोरदार उछाल देखने को मिला है। दरअसल अधिकतर अर्थशास्त्री रेपो दर में 25 आधार बिंदुओं की उम्मीद कर रहे थे परंतु भारतीय रिजर्व बैंक ने 50 आधार बिंदुओं की कमी की घोषणा करते हुए अपनी आक्रात्मक नीति का परिचय दिया है। अतः रेपो दर में उम्मीद से अधिक कटौती होने पर निवेशकों का भारतीय कम्पनियों, विशेष रूप से वे कम्पनियां जो घरेलू मांग एवं ऋण पर निर्भर रहती हैं, पर भरोसा बढ़ा है।

भारतीय कम्पनियों की लाभप्रदता एवं उत्पादों की बिक्री में लगातार हो रहे तेज सुधार के चलते इन भारतीय कम्पनियों की साख अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी बढ़ेगी। आगे आने वाले समय में यह कम्पनियां बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वरूप भी ले सकती हैं। और फिर, ब्याज दरों में लगातार की जा रही कमी के चलते इन कम्पनियों द्वारा उत्पादित वश्तुओं की उत्पादन लागत भी कम होगी जिससे इन कम्पनियों के उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे।

हां, भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने स्टैन्स को अकोमोडेटिव से न्यूट्रल जरूर कर दिया है जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में आगे आने वाले समय में आवश्यकता पड़ने पर बढ़ौतरी कर सकता है। जबकि अकोमोडेटिव स्टैन्स में रेपो दर में केवल कमी करने की सम्भावना निहित रहती है। परंतु, आगे आने वाले समय में यदि मंहगाई की दर पर नियंत्रण बना रहता है जिसकी सम्भावना भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी की गई है और औसत मंहगाई दर के अनुमान को 4 प्रतिशत से घटाकर 3.70 प्रतिशत कर दिया गया है।

अतः बहुत सम्भव है कि भारतीय रिजर्व बैंक को न्यूट्रल स्टैन्स के बावजूद रेपो दर में कमी ही करनी पड़ सकती है।

कुल मिलाकर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मंहगाई की दर में आई कमी एवं विकास दर में आई सुश्ती को देखते हुए रेपो दर एवं नकद आरक्षित अनुपात में आक्रात्मक रूप से की गई कटौती को एक सक्रिय निर्णय कहा जा सकता है।

इससे अर्थव्यवस्था में खपत एवं निवेश को बढ़ावा मिलेगा, उत्पादों की मांग में वृद्धि होगी, उद्योग जगत अपनी उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से अपने पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर विचार करेगा। चूंकि भारत में मुद्रा स्फीति की दर अब नियंत्रण में है अतः भारतीय रिजर्व बैंक ने देश में विकास दर को बढ़ाने को प्राथमिकता दी है।

हालांकि अपने स्टैन्स को न्यूट्रल रखकर मुद्रा स्फीति एवं वैश्विक श्तर पर विभिन्न जोखिमों पर भी नजर बनाए रखने का आभास दिया है। इसीलिए विभिन्न

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www.ncrtoday.in **ई-मेल:** todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI**-UPHIN/2009/30721

## संक्षिप्त समाचार

### माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को जल साक्षर बनाया जाएगा, गंगा की निर्मलता होगी इस अभियान का हिस्सा



**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी सरकार शिक्षा में छात्रों को पढ़ाई के साथ राष्ट्र बोध और नैतिक दायित्व से भी जोड़ने का प्रयास कर रही है। माध्यमिक विद्यालयों के लिए जारी एकेडमिक कैलेंडर में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत गंगा नदी की निर्मलता और अविरलता को भी शामिल किया गया है।

इस क्रम में माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों को जल साक्षर बनाया जाएगा। इसमें गंगा की अविरलता व स्वच्छता अभियान से छात्रों को जोड़ने का काम किया जाएगा। इससे छात्रों को जागरूक किया जाएगा। विभाग की ओर से एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक व भौगोलिक परिदृश्य से छात्रों को परिचित कराने के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों से परिचित कराने पर भी बल दिया गया है।

इसके साथ ही विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का निर्देश भी दिया गया है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से संबंधित गतिविधियां अनिवार्य रूप से कराई जाएंगी। इसमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के साथ गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता अभियान से भी प्रत्येक विद्यार्थी को जोड़ा जाएगा।

छात्र छात्राओं को समूह आधारित फील्ड वर्क से जोड़ा जाएगा। किसी नदी या तालाब के पास ले जाकर विद्यार्थियों से लघु रिपोर्ट बनवाई जाएगी। इसी तरह किसी गांव, कस्बे का भ्रमण कराते हुए वहां के जल प्रबंधन और जल संरक्षण बारे में भी छात्रों को जानकारी दी जाएगी।

### कब्जेदारों ने जान से मारने की नीयत से चढ़ाया ट्रैक्टर

**पीलीभीत , एजेंसी।** माधोटांडा क्षेत्र के गांव शाहगढ़ निवासी गीता देवी ने गजरौला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में बताया कि ग्राम पंचायत शाहगढ़ के मजरा गजरौला खुर्द में गांटा संख्या-11 में चकमार्ग की भूमि है। इस पर गजरौला खुर्द के कुलविंदर सिंह, जसविंदर सिंह व लखविंदर ने अवैध कब्जा कर रखा है। कलीनगर तहसील प्रशासन की ओर से चकमार्ग की तीन बार पैमाइश की जा चुकी है। वर्तमान में प्रधान की ओर मनरेगा से मिट्टी कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि 30 मई की दोपहर 12 बजे आरोपी अपना ट्रैक्टर लेकर आ गए। जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### छिटपुट फाल्ट से पूरे दिन बिजली कटौती से जूझे उपभोक्ता

**पीलीभीत , एजेंसी।** छिटपुट फाल्ट से शहर के उपभोक्ता पूरे दिन बिजली कटौती से जूझते रहे। सूचना पर बिजली विभाग की टीमें भी इधर-उधर दौड़ती रहीं। शहर में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट रही। कहीं फेस तो कहीं अन्य खराबी से बिजली कटौती हो रही है। इससे उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को सदर तहसील के निकट बिजली केबल में आग लग गई। सूचना पर पहुंची टीम ने मरम्मत कर आपूर्ति सुचारु की। अशरफ खां मोहल्ले में बिजली न मिलने से उपभोक्ता आधा घंटा तक परेशान रहे। इसके अलावा शहर के मोहल्ला अशोक कॉलोनी, नई बस्ती, एकता नगर, तुलाराम, मधुबन, वल्लभनगर, निरंजनकुंज, सुरभि कॉलोनी, आवास विकास सहित अन्य इलाकों में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान रहे। हालांकि अन्य दिनों की अपेक्षा शनिवार को थोड़ी राहत रही।

*महंगाई व बेरोजगारी से जनता त्रस्त...*

# अखिलेश बोले- अहंकार में भाजपा को नहीं दिख रही आमजन की तकलीफें



**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक बार फिर सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त हो चली है। सत्ता के अहंकार में भाजपा इतनी अंधी हो चुकी है कि उसे जनता की तकलीफें नहीं दिखाई दे रही हैं। प्रदेश की जनता अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को भी पूरा करने में संघर्ष कर रही है। बिजली पानी का संकट जनता की रोज की समस्या है। भारी उमस और गर्मी से छोटे, बड़े, बुजुर्ग सभी परेशान है।

उन्होंने जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश भर में बिजली-पानी का संकट है। शहर से लेकर गांव तक लोग परेशान है। खुद प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लोग बिजली कटौती से परेशान हैं। 21 मिनट में चार बार बिजली कटने की खबर अखबारों की सुर्खियां बनी हैं। 131 नलकूपों से यहां जल आपूर्ति तक नहीं शुरू हो पाई है। बांदा में गांवों को 8 घंटे भी बिजली नहीं मिल रही है, जबकि 550 मेगावाट बिजली की आवश्यकता है।

### बिजली का उत्पादन नहीं कर पा रही सरकार

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की विफलताओं का दंश देश की जनता झेलने को विवश हो रही है। भाजपा सरकार में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं हुआ। जो बिजलीघर समाजवादी सरकार में बने थे, उनसे ही बिजली मिल रही है। भाजपा सरकार बिजलीघरों की क्षमता भर भी बिजली का उत्पादन नहीं कर पा रही है। बिजली महंगी होती जा रही है। भाजपा की गलत नीतियों से बिजली विभाग के कर्मचारी तक आंदोलित है। अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए भाजपा निजीकरण को प्राथमिकता दे रही है। निजीकरण सेबड़े उद्योगपतियों को फायदा होना है।

### कहीं नल से जल आता दिख नहीं रहा

उन्होंने कहा कि जनता पानी के लिए तरस रही है। भाजपा सरकार की पेयजल योजनाएं विफल है। फाइलों में तो इन योजनाओं के रंगीन चित्र दिख रहे हैं, पर हकीकत में जमीन पर भाजपा सरकार की कोई भी योजना सफल नहीं हुई है। गांव-गांव, शहर-शहर पाइप लाइनें आधी-अधूरी पड़ी है, पर कहीं नल से जल आता दिख नहीं रहा है। भाजपा सरकार की हर घर नल योजना का हाल यह है कि बहुत जगहों पर साल-डेढ़ साल पहले लगे पाइप से एक बूंद भी शुद्ध जल नहीं आया। जल जीवन मिशन के तहत सिर्फ सड़के खोद दी गई। जनता को शुद्ध पेयजल नहीं मिला। जल जीवन मिशन घोटाला और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।

### पॉवर प्लांट की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान ही नहीं दिया

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में जनहित की योजनाओं और कामों को अगर भाजपा सरकार विद्वेषवश बर्बाद नहीं करती तो आज प्रदेश की जनता इतनी परेशान और बदहाल नहीं होती। समाजवादी सरकार में बिजली योजनाओं को जमीन पर उतारा गया, लेकिन भाजपा ने उन पॉवर प्लांट की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान ही नहीं दिया। भाजपा की डबल इंजन सरकारें आपस में ही टकराती आ रही है। उन्हें जनता के हितों की कोई परवाह नहीं है।

## ईंट व लात से पीट-पीटकर महिला की हत्या, बच्चों के विवाद में भिड़े बड़े; तीन गिरफ्तार

**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में ईंट-भट्ठे में काम करने वाली महिला की ईंट व लात से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बच्चों के विवाद को लेकर बड़ों में कहासुनी होने लगी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धारा में एफआईआर दर्ज की है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना इटौंजा थाना क्षेत्र के भगवतीपुर स्थित ईंट-भट्ठा की है। यहां सुनीता (40) अपने पति खेलवान मांझी, बेटे गौतम व ससुर राजेंद्र के साथ झोपड़ी बनाकर रहती थी। ससुर राजेंद्र ने बताया कि बेटा ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करता है। शुक्रवार की रात करीब 8 बजे पोता एक परिचित के साथ टंकी से पानी भरने गया था। तभी वहीं बच्चों में विवाद हो गया।

कुछ ही देर में विवाद बड़े लोगों में होने लगा। खेलावान-सुनीता और सीतापुर के सिधौली निवासी मजदूर राजकुमार, रामकिशोर और कमलापुर के रहने वाले रामभरोसे में कहासुनी होने लगी। तीनों आरोपियों ने सुनीता को पहले लात-जूतों से पीटा। इसके बाद ईंटों से बुरी तरह से पीटा।

इससे सुनीता लहूलुहान होने के बाद बेहोश होकर गिर पड़ी। घटनास्थल पर भीड़ जुट गए। उधर आरोपी भाग निकले। आनन-फानन सुनीता को रामसागर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

खेलावन ने आरोपियों के खिलाफ इटौंजा थाने में शिकायत की है। इंस्पेक्टर मार्कंडेय यादव के मुताबिक राजकुमार, रामकिशोर और रामभरोसे को शनिवार की सुबह अरंबा नहर पुलिया के पास गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपी ईंट पथाई का काम करते हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## जिस्म का सौदा: ऐसी महिलाएं आती थीं, जिनके पति हैं बाहर... पुलिस को छापे में मिली 115 पैकेट आपत्तिजनक सामग्री

**बरेली , एजेंसी।** बरेली की प्रेमनगर थाना पुलिस ने शुक्रवार रात राजेंद्रनगर स्थित प्रतिष्ठित स्कूल के पास गली में घर के अंदर देह व्यापार रैकेट पकड़ा है। महिला संचालक व युवती समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

राजेंद्रनगर के एक घर में काफी समय से देह व्यापार चल रहा था। गोपनीय हेल्पलाइन मिली सूचना के आधार पर सीओ प्रथम आशुतोष शिवम की अगुवाई में प्रेमनगर पुलिस के मनजीत कौर के घर दबिश दी। वहां मनजीत कौर, नवाबगंज का सोहेल, प्रेमनगर के बानखाना का सुमित सागर व नवाबगंज के ही ठिरिया चेना गांव की युवती आपत्तिजनक हालत में मिले। पुलिस ने इनके पास से 115 पैकेट कंडोम, तीन मोबाइल फोन, 1350 रुपये व अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

**आते थे हाईप्रोफाइल लोग-** स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि मनजीत के घर हाईप्रोफाइल लोग आते थे। इस कारण कोई विरोध नहीं कर पाता था। यहां ऐसी महिलाएं आती थीं, जिनके पति बाहर काम करते हैं। घर में पार्टियां भी होती थीं। मनजीत अवैध जोड़ों को जगह भी उपलब्ध कराती थी। शाम ढलते ही वहां लग्जरी कारों का जमाबड़ा लगता था।

रात में मनजीत के करीबी लोग बाहर खड़े होकर निगरानी करते थे। पुलिस मनजीत के मोबाइल फोन को खंगाल रही है। उसके घर आने-जाने वालों की तलाश कर रही है। मनजीत के संपर्क में कौन महिलाएं थीं, उनकी जानकारी जुटाई जा रही है।

**नीट की तैयारी के नाम पर पांच साल से धंधा करा रहा था छात्र-** पुलिस की पूछताछ में पता लगा कि मनजीत लंबे समय से इस तरह की गतिविधियों में लिप्त है। आरोपी सोहेल कई साल पहले उसके घर में किरायेदार के रूप में आया था। उसने यहां रहकर 2020 में इंटरमीडिएट पास किया। इसके बाद से वह यहां से नहीं गया। थाना प्रभारी आशुतोष रघुवंशी ने जब उससे आगे की पढ़ाई न करने के बारे में सवाल किया तो उसने बताया कि वह नीट की तैयारी कर रहा है। पुलिस को पता लगा कि सोहेल व सुमित यहां ग्राहकों को लाते थे। दोनों को मनजीत से अच्छा कमीशन मिलता था। पकड़ी गई युवती कॉलगर्ल के रूप में काम कर रही थीं। कई और महिलाओं के जुड़ाव की बात सामने आ रही है।

**संभव होटल की मालकिन की तलाश बंद-** इज्जतनगर पुलिस ने एक महीने में ताबड़तोड़ तीन सेक्स रैकेट पकड़े थे। तुलाशेरपुर के होटल संभव में भी सेक्स रैकेट पकड़ा गया था। दबिश के सेक्स रैकेट संचालित करने वाली होटल मालकिन और सत्तापक्ष के नेता की बहन ज्योति पटेल भाग गई थी। इज्जतनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर ज्योति की लगातार तलाश का दावा कर रही है। वहीं, ज्योति ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई थी। अगर पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया तो उसे न्यायालय से राहत मिल सकती है। पूर्व में जेल भेजे गए अधिकतर आरोपियों की जमानत मंजूर हो चुकी है।

## स्मार्ट मीटर से हर साल होगा 1500 करोड़ का फायदा, फिर निजीकरण क्यों..., उपभोक्ता परिषद ने उठाए सवाल

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने से हर साल करीब 1500 करोड़ का फायदा होगा। इसके बाद भी पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण किया जा रहा है। ऐसे में विद्युत उपभोक्ता परिषद ने निजीकरण पर सवाल उठाया है।



चंडीगढ़ में ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने ऐलान किया है कि अगस्त 2025 तक सभी के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाएंगे। नियामक आयोग में बिजली कंपनियां शपथ पत्र देकर बता चुकी हैं कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगते ही करीब 40 रुपया प्रति मीटर के हिसाब से फायदा होगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर योजना आत्मनिर्भर स्कीम है। प्रदेश में 3 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। ऐसे में हर माह लगभग 120 करोड़ का फायदा होगा। यानी साल में लगभग 1500 करोड़ का फायदा होगा। इसी तरह प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों पर लगभग आरडीएसएस योजना के तहत 43454 करोड़ और बिजनेस प्लान के तहत लगभग रुपया 5000 करोड़ का कार्य हो रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने निजीकरण पर सवाल उठाया है।

उन्होंने कहा कि जब करोड़ों रुपये से समान सुविधाओं का विकास किया जा रहा है और स्मार्ट प्रीपेड मीटर से कमाई भी होनी है तो ऊर्जा विभाग के अधिकारी निजीकरण को लेकर लगातार प्रयास क्यों कर रहे हैं? उन्होंने सवाल उठाया है कि के कहीं करोड़ों रुपये के संसाधन विकसित करने के बाद निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने की साजिश तो नहीं हो रही है?

## डीजीपी ने ट्रेनी डिप्टी एसपी को दिए पुलिसिंग के टिप्स, बोले- अधीनस्थों की सुनें, स्वविवेक से निर्णय लें




**लखनऊ , एजेंसी।** डीजीपी राजीव कृष्ण ने शनिवार को वर्ष 2024 बैच के 34 ट्रेनी डिप्टी एसपी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था ड्यूटी में अपने अधीनस्थ फोर्स को पूर्व से पर्याप्त ब्रीफिंग अवश्य करें।

उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था में निरंतर संवाद अत्यंत महत्वपूर्ण है। संवाद आवश्यक ही नहीं बल्कि एक कला है। अधीनस्थों के विचारों को भी सुनकर स्वविवेक से निर्णय लेने की जरूरत होती है।

जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की आदत डालें। साइबर अपराध बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए तकनीकी महारत जरूर हासिल करें। अंत में उन्होंने सभी ट्रेनी अफसरों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डीजी ट्रेनिंग तिलोत्मा वर्मा और बीआर अंबेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद के एडीजी राजीव सबरवाल भी उपस्थित रहे।

## वाराणसी में दो ट्रक की टक्कर में चालक की मौत, दो लोग घायल, हालत गंभीर; लापरवाही पड़ी भारी

**वाराणसी, एजेंसी।** लोहता थाना क्षेत्र के लोहरापुर गांव के सामने रिंग रोड फेज दो पर शनिवार की रात में 2.30 बजे ओवर टेक करने की चक्कर में दो ट्रक टकरा गए। हादसे में एक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, दूसरे घायल चालक और खलासी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष निकिता सिंह ने बताया कि शनिवार की रात में 2.30 बजे सूचना मिली कि लोहरापुर गांव के सामने रिंग रोड फेज टू पर दो ट्रक आपस में टकरा गए हैं। मौके पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल चालक सुरेंद्र यादव (45) पुत्र घरभरन यादव ग्राम मोलनापुर नत्थपट्टी कप्तानगंज (आजमगढ़) को अस्पताल भेजा गया। यहां उसे डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल चालक दिवाकर यादव (40) पुत्र चंद्रभान यादव ग्राम जैतपुर थाना (अंबेडकरनगर) तथा खलासी सूरज गौंड (30) पुत्र राजेंद्र ग्राम सुरीश थाना शाहगंज (जौनपुर) घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। मृतक चालक के घर सूचना दे दी गई है। दोनों ट्रक हरहुआ से अकेलवा जा रहे थे।

## कार से बाइक छू जाने पर युवक को धुना, चौराहे पर मची अफरातफरी

**पीलीभीत , एजेंसी।** शहर के गौहनिया चौराहे पर शनिवार की दोपहर बवाल हो गया। बाइक के कार से छू जाने पर कार सवार युवकों ने बाइक चालक से मारपीट की। करीब 10 युवकों ने बाइक सवार युवक को जमकर पीटा। मारपीट से चौराहे पर अफरातफरी मच गई। जाम की स्थिति हो गई। चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मी तमाशबीन बने रहे। गौहनिया चौराहे पर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था संभालने में होमगार्ड और यातायात पुलिस को मिलाकर करीब छह पुलिसकर्मी तैनात हैं। दोपहर करीब 12 बजे गौहनिया चौराहे से माधोटांडा मार्ग पर एक बाइक पड़ोस से गुजर रही कार से छू गई। यह कार सवार युवकों को इतना नागवार गुजरा कि कार खड़ी कर बाइक चला रहे युवक को पीटना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि कार सवार युवकों के साथी भी आ गए और युवक को जमकर धुना। मारपीट से चौराहे पर अफरातफरी मच गई। युवक पिटता रहा और चंद कदमों की दूरी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने दौड़कर युवकों को रोकने की जहमत नहीं उठाई। राहगीर और दुकानदारों की भीड़ जुटी तो कार सवार भाग निकले। चौराहे के पुलिसकर्मियों ने भी खानापूरी शुरू की। थोड़ी देर में सुनगढ़ी थाना पुलिस भी आ गई। युवकों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास शुरू हुआ। मारपीट की वजह से चौराहे पर करीब आधे घंटे तक जाम की स्थिति रही।

## सड़क हादसे के घायलों को मिलेगी राहत...इमरजेंसी में बढ़ेंग सुविधाएं; प्रमुख सचिव ने दिए निर्देश

**आगरा , एजेंसी।** प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने शनिवार को 6 घंटे तक निरीक्षण कर एसएन मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकीय सेवाओं का हाल देखा। उन्होंने इमरजेंसी में सीटी स्कैन मशीन, न्यूरोसर्जरी का ऑपरेशन थिएटर और बर्न यूनिट शुरू कराने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग से इंटीग्रेटेड प्लान के तहत बन रहीं इमारतों की रिपोर्ट तलब की है।

प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा दोपहर करीब 12:30 बजे इमरजेंसी पहुंचे। इसमें मेडिसिन, सर्जरी, बाल रोग विभाग का निरीक्षण किया। कमरे में सीटी स्कैन मशीन लगी थी, प्राचार्य ने उनको बताया कि ये हाल ही में खरीद गई है। उन्होंने इसको शुरू कराने के लिए कहा। सड़क हादसों में न्यूरोसर्जरी की सुविधा नहीं होने पर हैरानी जताते हुए ओटी शुरू कराने को निर्देशित किया।

बर्न यूनिट पहुंचने पर प्रमुख सचिव ने प्राचार्य से पूछा कि इसमें मरीज भर्ती क्यों नहीं किए जा रहे हैं। इस पर प्राचार्य ने बताया कि हाल ही में ये तैयार हुई है। इस पर रविवार से मरीज भर्ती करने के लिए कहा। निरीक्षण के बाद लेक्चर थिएटर-4 में चिकित्सकों के साथ डेढ़ घंटे तक बैठक करते हुए आयुष्मान योजना, इंटीग्रेटेड प्लान की प्रगति समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की। 6:30 बजे प्रमुख सचिव एसएन से रवाना हो गए।



### इमरजेंसी में ये बढ़ जाएंगी सुविधाएं

- सीटी स्कैन : इमरजेंसी में सीटी स्कैन की सुविधा नहीं थी। मरीजों को ओपीडी समय तक एसएन में बाकी निजी सेंटरों पर जांच कराने जाना पड़ता था। ये महंगी जांच है। अब मरीजों को इमरजेंसी में ही निशुल्क सुविधा मिलेगी।
- न्यूरोसर्जरी : इमरजेंसी में सड़क हादसा समेत सिर की चोट के मरीजों की संख्या अधिक रहती है। इनमें सबसे ज्यादा युवा हैं। ऐसे में अब इमरजेंसी में ही तत्काल मरीज की न्यूरोसर्जरी हो सकेगी। अभी तक हड्डी और सर्जरी विभाग की ही ओटी चल रही थी।
- बर्न यूनिट : 30 बेड का एंटी बैक्टीरियल वातानुकूलित वार्ड है। इसमें दो ओटी हैं, अभी माइनर ओटी शुरू होगी। इसमें जले और एसिड अटैक मरीजों का इलाज और सर्जरी की सुविधा मिलने लगेंगी। इससे आगरा के आसपास के मरीजों को भी बड़ी सुविधा हो जाएगी। अभी 8 बेड का वार्ड ही संचालित था।

# भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने सांसद प्रिया सरोज से की सगाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने रविवार 8 जून को लखनऊ में समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज से सगाई कर ली। उनकी शादी इस साल 18 नवंबर को होने वाली है। प्रिया के पिता तूफानी सरोज ने कहा कि सगाई समारोह एक निजी कार्यक्रम था, जिसमें करीबी परिवार के सदस्य, दोस्त और रिश्तेदार शामिल हुए थे। 27 वर्षीय रिंकू ने पिछले कुछ सालों में भारत के लिए 2 वनडे और 33 टी20 मैच खेले हैं और वह आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स की एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं। 26 वर्षीय प्रिया जौनपुर के मछलीशहर निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार सांसद बनी हैं। दुल्हन के पिता ने कहा, रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को काफी समय से जानते हैं। उनकी मुलाकात प्रिया के दोस्त के पिता के जरिए हुई, जो खुद एक क्रिकेटर हैं। दोनों परिवारों के आशीर्वाद से उन्होंने शादी करने का फैसला किया।



## प्रीति जिंटा के सामने किया खुलासा

# 20 करोड़ मिलते ही श्रेयस अय्यर वॉशरूम में भागे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स को 2014 के बाद पहली बार आईपीएल के फाइनल पहुंचाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर ने एक बड़ा खुलासा करके सबको चौंका दिया है. उन्होंने पंजाब की को-ओनर प्रीति जिंटा के सामने इस बात का खुलासा किया कि इस सीजन की नीलामी के दौरान जब उन्हें 20 करोड़ रुपये से ऊपर रकम मिलने की जानकारी मिली तो वो सीधे वॉशरूम की ओर भाग गए थे. श्रेयस अय्यर को इस सीजन में पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा था.

श्रेयस ने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया और टीम को खिताबी मुकाबले तक ले गए, जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगुलरु ने पंजाब को 6 रन से हराकर पहली बार आईपीएल ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया था. पिछले सीजन में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खिताब जीता था. इसके बावजूद केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया था. आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में वो 2 करोड़ रुपये की बेस प्राइस पर उतरे थे, लेकिन पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल कर लिया था. वो ऋषभ पंत के बाद ढ्ढक्क के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं. श्रेयस अय्यर ने प्रीति जिंटा को दिए एक इंटरव्यू में कहा, आईपीएल 2025 के मेगा नीलामी के दौरान जब मेरी बोली 20 करोड़ के पार पहुंची तो मुझे घबराहट होने लगी और मैं वॉशरूम में चला गया था. श्रेयस अय्यर को अपनी टीम में शामिल करने के लिए दिल्ली कैपिटल्स (ष्ठष्ट) और पंजाब किंग्स में होड़ लगी हुई थी. शुरू में इसमें कोलकाता नाइट राइडर्स भी शामिल हुआ था, लेकिन 10 करोड़ की बोली लगाने के बाद वो पीछे हट गया, पर पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स में बोली जारी रही. दिल्ली कैपिटल्स ने 26.50 करोड़ रुपये तक बोली लगाई, लेकिन अंत में पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये की बोली लगाकर बाजी मार ली और श्रेयस अय्यर को अपनी टीम में शामिल कर लिया.

### आईपीएल में किया शानदार प्रदर्शन

पंजाब के कप्तान बनने के बाद श्रेयस अय्यर टीम को एक नई ऊंचाई तक ले गए. उन्होंने टीम को फाइनल तक पहुंचाया. हालांकि फाइनल में पंजाब भले ही हार गई, लेकिन उसने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन करके सभी आलोचकों का मुंह बंद कर दिया. इसके अलावा श्रेयस अय्यर ने बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने इस सीजन में 16 मैचों में 50.33 की औसत से 604 रन बनाए हैं. इसमें 6 अर्धशतक शामिल हैं.

फ्रेंच ओपन

# कोको गॉफ ने जीता फ्रेंच ओपन



## सबालेंका को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड नंबर-2 कोको गॉफ ने फ्रेंच ओपन जीत लिया है। 21 साल की अमेरिकन स्टार ने शनिवार को विमेंस सिंगल्स के फाइनल मुकाबले में दुनिया की नंबर-1 टेनिस स्टार आर्यना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराया। दो घंटा 38 मिनट चले मुकाबले में सबालेंका ने पहला सेट 7-6 से जीत लिया था। गॉफ ने करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम जीता है। वे 2023 में यूएस ओपन चैंपियन बनी थी। इस टूर्नामेंट में 10 साल बाद अमेरिका की खिलाड़ी चैंपियन बनी हैं। गॉफ से पहले यहां सेरेना विलियम्स 2015 में चैंपियन बनी थी। पेरिस के फिलिप-चेट्रीर कोर्ट में गॉफ ने पहला सेट 7-6 से गंवाया। फिर अगले दो सेट 6-2, 6-4 से जीतते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। पुरुष वर्ग में सर्बिया के नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल मैच हार गए। हार के बाद जोकोविच ने कहा- शायद यह मेरा आखिरी मैच था। मुझे नहीं पता, इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक हूं। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था। जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे।

# तय कार्यक्रम के अनुसार भारत आएंगे लियोनल मेसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने उन खबरों को खारिज कर दिया जिसमें बताया जा रहा था कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने केरल का अपना निर्धारित कर दिया है। अब्दुरहीमान ने स्पष्ट किया कि लियोनल मेसी और उनकी टीम तय कार्यक्रम के अनुसार केरल आएगी। उन्होंने बताया कि प्रायोजक ने इस आयोजन के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है।

**अक्तूबर-नवंबर में आ सकती है टीम**

अब्दुरहीमान ने कहा कि अर्जेंटीना की टीम के इस साल अक्तूबर-नवंबर में आने की अधिक संभावना है। इस दौरे के दौरान टीम को सरकारी मेहमान की सुविधाएं मिलेंगी। सरकार उनकी सुरक्षा, आवास और अन्य सुविधाओं का खर्च भी उठाएगी। मीडिया के एक वर्ग में ऐसी खबरें थी कि अर्जेंटीना की टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध के नियमों का उल्लंघन किया है। खेल मंत्री ने हालांकि राज्य में फुटबॉल के प्रशंसकों की उम्मीदों को बनाए रखने की कोशिश की है।

**मंत्री ने प्रायोजक को दिया धन्यवाद**

अब्दुरहीमान और प्रायोजक दोनों ने इन रिपोर्टों को दृढ़ता से खारिज कर दिया था और दोहराया था कि विश्व चैंपियन खिलाड़ी केरल में मैत्री मैच का हिस्सा होगा। मंत्री ने फेसबुक पर एक संक्षिप्त पोस्ट लिखकर कहा कि मेसी आएंगे। इससे यह मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया। उन्होंने इस पोस्ट में प्रायोजक को भी धन्यवाद दिया।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल:

# टॉम मूडी ने बताया ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका में कौन बन सकता है विजेता




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से लॉर्ड्स में ऐतिहासिक डब्ल्यूटीसी के फाइनल की शुरुआत होगी। दोनों देश लॉर्ड्स में आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप को जीतने के लिए खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका दो दशकों में अपनी पहली आईसीसी ट्रॉफी जीतने का इरादा लेकर फाइनल में उतरने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया ने जून 2023 में ओवल में खेले गए डब्ल्यूटीसी फाइनल के पिछले एडिशन में भारत को शिकस्त दी थी। इस बार ऑस्ट्रेलियाई खेमा गदा अपने पास ही बरकरार रखना चाहेगा। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी का मानना है कि आईसीसी इवेंट्स में ऑस्ट्रेलिया अपने खेल को एक अलग ही लेवल पर लेकर जाता है। उनका मानना है कि ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में अपनी बढ़त बनाए रखेगा। टॉम मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ÷ऑस्ट्रेलिया ने प्रमुख टूर्नामेंट्स में लगातार सफलता के साथ अपनी प्रतिष्ठा बनाई है। जब आईसीसी इवेंट्स की बात आती है, तो ऑस्ट्रेलिया एक टीम के रूप में अपने खेल को दूसरे लेवल पर ले जाती है। वह सच में टूर्नामेंट की चुनौतियों को स्वीकारते हैं और दबाव वाले मुकाबलों में निखरते हैं। यह आत्मविश्वास है। ऐतिहासिक रूप से उनके कई खिलाड़ियों ने कई आईसीसी टूर्नामेंट जीते हैं। वह अपनी पिछली पीढ़ियों को सफलता हासिल करते देखते बड़े हुए हैं। जीतने की मानसिकता उनमें समाई हुई है। पिछले दो सालों में प्रोटियाज ने आईसीसी इवेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीका पुरुष विश्व कप सेमीफाइनल, चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल, पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल और अब डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचा है। मूडी का मानना ??है कि ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका की तुलना में थोड़ा ज्यादा फायदा है, क्योंकि उन्हें इस तरह के उच्च दबाव वाले हालात का ज्यादा अनुभव है।

## वर्ल्ड कप से ठीक पहले लिया चौंकाने वाला फैसला

# इंग्लैंड की दिग्गज क्रिकेटर ने अचानक छोड़ा क्रिकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम के खिलाफ घरेलू सीरीज से ठीक पहले इंग्लैंड की स्टार स्पिनर ने क्रिकेट से ब्रेक ले लिया है. महिला प्रीमियर लीग 2025 में यूपी वारियर्स की ओर से खेलने वाली ये खिलाड़ी कब तक ब्रेक पर रहेंगी, इसका खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन इसी साल सितंबर में होने वाली महिला वनडे वर्ल्ड कप से पहले उनका ब्रेक पर जाना इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका है.



ये खिलाड़ी इंग्लैंड की ओर से क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में खेलती हैं और वो 177 मैचों में 297 विकेट चटका चुकी हैं. उनके न खेलने की वजह से इंग्लैंड की गेंदबाजी कमजोर दिखाई दे रही है. इसके अलावा इंग्लैंड को इसी महीने से भारत से टी20 और वनडे सीरीज खेलनी है. 6 साल की सोफी एक्लेस्टनने क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला क्यों किया है? इस मामले से इंग्लैंड के हेड कोच छार्लेट एडवर्ड्स ने पर्दा उठाया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक एडवर्ड्स ने बताया कि सोफी फिलहाल क्वाड्स यानी की जांघ की मसल की चोट से जूझ रही हैं. इसकी वजह से उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है. वनडे की नंबर-एक इस गेंदबाज को वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के दौरान भी ब्रेक पर रखा गया गया था. उस दौरान सोफी घुटने की चोट से रिकवरी कर रही थीं.

### 28 जून से टी20 सीरीज खेलेगी भारतीय टीम

रिपोर्ट्स के मुताबिक इंग्लैड के कोच ने बताया कि सोफी पिछले कुछ समय से चोट से परेशान हैं. इसी वजह से उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लिया है. वो कितने समय तक ब्रेक पर रहेंगी इसका खुलासा नहीं हो पाया है. लेकिन पूरी टीम उनके फैसले के साथ है. एडवर्ड्स ने कहा कि हम चाहते हैं कि वो भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज से पहले फिट हो जाएं, लेकिन इसका फैसला सोफी ही लेंगी. भारतीय महिला टीम 28 जून से इंग्लैंड में टी20 और वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी. भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टी20 मैच और तीन वनडे मैच होंगे. इसके अलावा सितंबर से महिला वनडे वर्ल्ड कप शुरू होने वाला है. इसको लेकर सभी टीमें तैयारियों में जुट गई हैं.

### ये है भारत का कार्यक्रम

पहला टी20 मैचः 28 जून को नॉटिंघम में दूसरी टी20 मैचः 1 जुलाई को ब्रिस्टल में तीसरा टी20 मैचः 4 जुलाई को द ओवल में चौथा टी20 मैचः 9 जुलाई को मैनचेस्टर में पांचवां टी20 मैचः 12 जुलाई को बर्मिंघम में पहला वनडे मैचः16 जुलाई को साउथेम्प्टन में दूसरा वनडे मैचः 19 जुलाई को लॉर्ड्स में तीसरा वनडे मैचः 22 जुलाई को चेस्टर-ले-स्ट्रीट में

# नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करने के लिए उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम



**एम्सटलवीन, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में नीदरलैंड के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में पहले मैच में मिली हार से उबरकर जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। भारत ने शनिवार को पहले मैच में एक गोल की बढ़त गंवा दी और उसे ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। नीदरलैंड ने हालांकि शानदार वापसी की तथा थिज वान डैम के दो गोल की मदद से जीत हासिल की। डैम के गोल में 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने मैच के बाद कहा, 'हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। चौथे क्वार्टर में हमने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद पर कब्ज़ा करने में सफल रहे, लेकिन हम गोल पर कोई शॉट नहीं लगा पा रहे थे। उन्होंने कहा, 'इस तरह से हारना दुर्भाग्यपूर्ण था, क्योंकि मुझे लगा था कि हम ड्रॉ के लिए प्रयास कर सकते हैं। हम विशेष कर नीदरलैंड जैसी टीम के खिलाफ जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। अगले वर्ष होने वाले विश्व कप में स्थान पक्का करने के लिए भारत का लक्ष्य शेष मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना तथा अपने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अधिकतम अंक हासिल करना होगा।

## आईपीएल तो खत्म हो गया...

# अब मैदान पर कब दिखेंगे विराट कोहली?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग 2025 अपने नाम कर लिया था. रजत पाटीदार की अगुवाई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जहां पहली बार आईपीएल चैम्पियन बनी, वहीं श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स की पहली खिताबी जीत का इंतजार कायम रहा. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत में पूर्व कप्तान विराट कोहली की अहम भूमिका रही थी, जिन्होंने 15 मैचों में 54.75 की औसत से 657 रन बनाए.

अब कोहली कब दिखेंगे मैदान पर?

आईपीएल 2025 की समाप्ति के बाद भारतीय फैन्स की निगाहें टीम इंडिया के इंग्लैंड दौरे पर रहने वाली हैं. इंग्लैंड दौरे पर भारत को मेजबान टीम के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इस टेस्ट



सीरीज का पार्ट विराट कोहली नहीं रहने वाले हैं क्योंकि उन्होंने पिछले महीने (12 मई) टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया था. कोहली टी20 इंटरनेशनल से पहले ही संन्यास ले चुके थे, ऐसे में वो अब केवल वनडे इंटरनेशनल में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते नजर आने वाले हैं. यानी विराट कोहली अब अगस्त के महीने में मैदान पर दिखाई दे सकते हैं. बता दें कि भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा 4 अगस्त को समाप्त होना है. फिर भारतीय टीम को बांग्लादेश दौरे पर जाना है, जहां उसे तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं. इस बात की पूरी संभावना है कि बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में विराट कोहली खेलेंगे. कोहली के अलावा रोहित शर्मा भी उस वनडे सीरीज का पार्ट रहेंगे और टीम की कप्तानी भी करेंगे. भारत और बांग्लादेश के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 17 अगस्त को होगा. यानी कोहली उस मुकाबले के जरिए एक्शन में दिखेंगे.

फिर 20 अगस्त और 23 अगस्त को बाकी के दो वनडे मुकाबले होंगे. इसके बाद 26 अगस्त, 29 अगस्त और 31 अगस्त को टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जाएंगे. भारत-बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सीरीज दोनों दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के बीच बढ़ती क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता को और मजबूत करेगी.

### भारत- बांग्लादेश शेड्यूल

- पहला वनडे- 17 अगस्त (रविवार), मीरपुर
- दूसरा वनडे- 20 अगस्त (बुधवार), मीरपुर
- तीसरा वनडे-23 अगस्त (शनिवार), चटगांव
- पहला टी20- 26 अगस्त (मंगलवार), चटगांव
- दूसरा टी20- 29 अगस्त (शुक्रवार), मीरपुर
- तीसरा टी20- 31 अगस्त (रविवार), मीरपुर

### कोहली का अब पूरा फोकस वनडे क्रिकेट पर

विराट कोहली टी20 और टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट बाद अपना पूरा फोकस वनडे क्रिकेट पर लगाने जा रहे हैं. कहा जा रहा है कोहली का अंतिम लक्ष्य वनडे वर्ल्ड कप 2027 है, जहां वो खिताबी जीत के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट से विदाई लेना चाहेंगे. 2027 का ओडीआई वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में अक्टूबर-नवंबर के महीने होना है. यानी उस वर्ल्ड कप में अब भी दो साल से ज्यादा का समय बचा हुआ है. भारतीय टीम को वर्ल्ड कप 2027 की तैयारी के लिए कम से कम 27 वनडे मुकाबले मिलने जा रहे हैं. यानी विराट कोहली के पास वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए ये एक बड़ा प्लेटफॉर्म होगा. मौजूदा शेड्यूल के मुताबिक ओडीआई वर्ल्ड कप 2027 से पहले भारतीय टीम आठ अलग-अलग देशों के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगी. इस दौरान न्यूजीलैंड एकमात्र ऐसी टीम रहेगी, जिसके खिलाफ टीम इंडिया दो बार वनडे सीरीज खेलने उतरेगी.